node06\B0B0-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

3. एक चालक वृत्ताकार लूप एक पतले तार से बना हूआ है तथा इसका क्षेत्रफल 3.5×10^{-3} m^2 एवं प्रतिरोध 10Ω है। यह समय निर्भर चुम्बकीय क्षेत्र $B(t) = (0.4T)\sin(50\pi t)$ के लम्बवत् रखा है। क्षेत्र समष्टि में समरूप है। तब समय t = 0 s तथा t = 10 ms के दौरान लूप से प्रवाहित कुल आवेश का लगभग मान है :

(1) 14mC (2) 21 mC

(3) 6 mC (4) 7 mC

4. समय t = 0 पर मुक्ताकाश में किसी समतल ध्रुवित विद्युत चुम्बकीय तरंग का विद्युत क्षेत्र निम्न व्यंजक द्वारा दिया जाता है :-

$\vec{E}(x,y) = 10\hat{j}\ \cos[(6x + 8z)]$

चुम्बकीय क्षेत्र $\vec{B}$ (x, z, t) है : (c प्रकाश का वेग है)

(1) $\frac{1}{c}\left(6\hat{k}+8\hat{i}\right)\cos\left[(6x-8z+10ct)\right]$

(2) $\frac{1}{c}\left(6\hat{k}-8\hat{i}\right)\cos\left[(6x+8z-10ct)\right]$

(3) $\frac{1}{c}\left(6\hat{k}+8\hat{i}\right)\cos\left[(6x+8z-10ct)\right]$

(4) $\frac{1}{c}\left(6\hat{k}-8\hat{i}\right)\cos\left[(6x+8z+10ct)\right]$

5. यदि एक समतल विद्युत चुम्बकीय तरंग का चुम्बकीय क्षेत्र निम्न है :

$B = 100 \times 10^{-6} \sin\left[2\pi \times 2\times 10^{15}\left(t-\frac{x}{c}\right)\right]$

तो इसके संगत विद्युत क्षेत्र का अधिकतम मान होगा :

(प्रकश की चाल $= 3 \times 10^8$/m/s)

(1) 4×10^4 N/C

(2) 4.5×10^4 N/C

(3) 6×10^4 N/C

(4) 3×10^4 N/C

6. 27 mW के एक लेसर किरणपुंज के अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल 10 mm^2 है। इस विद्युत चुम्बकीय तरंग के महत्तम वैद्युत क्षेत्र का परिमाण होगा (दिया है निर्वात की विद्युतशीलता $\epsilon_0 = 9 \times 10^{-12}$ SI मात्रक में प्रकाश की चाल $c = 3 \times 10^8$ m/s]:-

(1) 1 kV/m (2) 2 kV/m

(3) 1.4 kV/m (4) 0.7 kV/m

7. 50 Wm^{-2} तीव्रता की एक विद्युत चुम्बकीय तरंग 'n' अपवर्तनांक के एक माध्यम में बिना किसी क्षय के प्रवेश करती है। तरंग के माध्यम में प्रवेश करने के पूर्व तथा पश्चात् विद्युत क्षेत्रों का अनुपात तथा चुम्बकीय क्षेत्रों का अनुपात क्रमशः होंगे :-

(1) $\left(\frac{1}{\sqrt{n}},\frac{1}{\sqrt{n}}\right)$ (2) $\left(\sqrt{n},\frac{1}{\sqrt{n}}\right)$

(3) $\left(\sqrt{n},\sqrt{n}\right)$ (4) $\left(\frac{1}{\sqrt{n}},\sqrt{n}\right)$

8. सूर्य की सतह पर विकिरण की माध्य तीव्रता लगभग 10^8 W/m^2 होती है। संगत चुम्बकीय क्षेत्र का वर्ग माध्यमूल मान लगभग होगा :

(1) 10^2T (2) 10^{-4}T (3) 1T (4) 10^{-2}T

9. एक विद्युत चुम्बकीय तरंग का चुम्बकीय क्षेत्र निम्न है:-

$\vec{B} = 1.6\times10^{-6}\cos\left(2\times10^7 z + 6\times10^{15}t\right)\left(2\hat{i}+\hat{j}\right)\frac{Wb}{m^2}$

इसके संगत विद्युत क्षेत्र होगा :-

(1) $\vec{E} = 4.8\times10^2\cos\left(2\times10^7 z + 6\times10^{15}t\right)\left(\hat{i}-2\hat{j}\right)\frac{V}{m}$

(2) $\vec{E} = 4.8\times10^2\cos\left(2\times10^7 z - 6\times10^{15}t\right)\left(2\hat{i}+\hat{j}\right)\frac{V}{m}$

(3) $\vec{E} = 4.8\times10^2\cos\left(2\times10^7 z - 6\times10^{15}t\right)\left(-2\hat{j}+\hat{i}\right)\frac{V}{m}$

(4) $\vec{E} = 4.8\times10^2\cos\left(2\times10^7 z + 6\times10^{15}t\right)\left(-\hat{i}+2\hat{j}\right)\frac{V}{m}$

node06\B0BO-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

10. एक समतल विद्युत चुम्बकीय तरंग मुक्त आकाश में x-दिशा में गतिशील है। आकाश के एक विशेष बिन्दु पर तरंग का विद्युत क्षेत्र घटक, एक समय पर E = 6 V m^{-1} y-दिशा में है। उसके संगत इसका चुम्बकीय क्षेत्र घटक B होगा –

(1) z-दिशा में 6×10^{-8} T

(2) x-दिशा में 6×10^{-8} T

(3) z-दिशा में 2×10^{-8} T

(4) y-दिशा में 2×10^{-8} T

11. एक समतल विद्युत चुम्बकीय तरंग का चुम्बकीय क्षेत्र निम्न है :

$\vec{B} = B_0\hat{i}[\cos(kz - \omega t)] + B_1\hat{j}\cos(kz + \omega t)$

यहाँ $B_0 = 3 \times 10^{-5}$ T तथा $B_1 = 2 \times 10^{-6}$ T है। एक स्थिर आवेश $Q = 10^{-4}$ C को z = 0 पर रखा गया है। इस पर लगे वर्ग माध्य मूल बल का सन्निकट मान होगा:

(1) 0.9 N (2) 0.1 N

(3) 3×10^{-2} N (4) 0.6 N

12. एक समतल विद्युत–चुम्बकीय तरंग का विद्युत क्षेत्र निम्न है,

$\vec{E} = E_0\hat{i}\cos(kz)\cos(\omega t)$

तब संगत चुम्बकीय क्षेत्र $\vec{B}$ होगा :

(1) $\vec{B} = \frac{E_0}{C}\hat{j}\sin(kz)\cos(\omega t)$

(2) $\vec{B} = \frac{E_0}{C}\hat{j}\sin(kz)\sin(\omega t)$

(3) $\vec{B} = \frac{E_0}{C}\hat{k}\sin(kz)\cos(\omega t)$

(4) $\vec{B} = \frac{E_0}{C}\hat{j}\cos(kz)\sin(\omega t)$

13. मुक्त आकाश में ν = 23.9 GHz की एक समतल विद्युत चुम्बकीय तरंग धनात्मक z-अक्ष की दिशा में संचरण कर रही है। इसमें विद्युत क्षेत्र का अधिकतम मान 60 V/m है। निम्न में से कौनसा विकल्प इस तरंग के चुम्बकीय क्षेत्र के लिये स्वीकार्य है ?

(1) $\vec{B} = 2\times10^{7}\sin(0.5\times10^{3}z + 1.5\times10^{11}t)\hat{i}$

(2) $\vec{B} = 2\times10^{-7}\sin(1.5\times10^{2}x + 0.5\times10^{11}t)\hat{j}$

(3) $\vec{B} = 2\times10^{-7}\sin(0.5\times10^{3}z - 1.5\times10^{11}t)\hat{i}$

(4) $\vec{B} = 60\sin(0.5\times10^{3}x + 1.5\times10^{11}t)\hat{k}$

14. एक विद्युत चुम्बकीय तरंग को, विद्युत क्षेत्र $\vec{E} = E_0\hat{n}\sin[\omega t + (6y - 8z)]$, से निरूपित किया जाता है। यदि x, y तथा z दिशा में इकाई सदिश क्रमशः $\hat{i},\hat{j},\hat{k}$, हैं संचरण की दिशा $\hat{s}$, के लिये सही विकल्प है:

(1) $\hat{s} = \frac{4\hat{j} - 3\hat{k}}{5}$ (2) $\hat{s} = \frac{3\hat{i} - 4\hat{j}}{5}$

(3) $\hat{s} = \left(\frac{-3\hat{j} + 4\hat{k}}{5}\right)$ (4) $\hat{s} = \frac{-4\hat{k} + 3\hat{j}}{5}$

ERROR & MEASUREMENT

1. एक पेचमापी की पिच तथा वृत्तीय पैमाने पर भागों की संख्या, क्रमशः 0.5 mm तथा 100 है। जब पेचमापी को बिना किसी वस्तु के पूरी तरह कस दिया जाता है, तो इसके वृत्तीय पैमाने का शून्य मध्य रेखा से तीन भाग नीचे आता है।

एत पतली चद्दर की मोटाई के लिए इस पेचमापी के मुख्य पैमाने तथा वृत्तीय पैमाने का पाठ्यांक, क्रमशः 5.5 mm तथा 48 है। तो चद्दर की मोटाई होगी :

(1) 5.755 m (2) 5.725 mm

(3) 5.740 m (4) 5.950 mm

2. एक बेलन के मीटर पैमाने द्वारा मापे गये व्यास तथा ऊँचाई क्रमशः 12.6 ± 0.1 cm तथा 34.2 ± 0.1 cm है। उचित सार्थक अंकों में इसके आयतन का मान होगा:–

(1) 4260 ± 80 cm^3

(2) 4300 ± 80 cm^3

(3) 4264.4 ± 81.0 cm^3

(4) 4264 ± 81 cm^3

node06\B0B0-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

3. एक पेंचमापी के मुख्य पैमाने का अल्पतमांक 1 mm है। 5μm व्यास के तार का व्यास नापने के लिए इसके वृत्तीय पैमाने पर न्यूनतम भागों की संख्या होगी:-

(1) 50 (2) 100 (3) 200 (4) 500

4. एक सरल दोलक के प्रयोग, जिसमें गुरुत्वीय त्वरण (g) मापना है, में 20 दोलनों का समय एक 1 sec. अल्पतमांक वाली एक विराम घड़ी से मापते हैं। इस समय का माध्य मान 30 s आता है। दोलक की लम्बाई को 1 mm अल्पतमांक के पैमाने से मापने पर 55.0 cm आती है। g के मापन में प्रतिशत त्रुटि का सन्निकट मान होगा :-

(1) 0.7% (2) 0.2%

(3) 3.5% (4) 6.8%

5. एक वर्ग का क्षेत्रफल 5.29 cm^2 है। ऐसे सात वर्गों का क्षेत्रफल उचित सार्थक अंकों में होगा :-

(1) 37 cm^2 (2) 37.0 cm^2

(3) 37.03 cm^2 (4) 37.030 cm^2

6. एक घनाकार गुटके का घनत्व निकालने के लिए, उसका द्रव्यमान तथा कोर की लम्बाई, क्रमशः, (10.00 ± 0.10) kg तथा (0.10 ± 0.01) m मापी जाती है। घनत्व के मापन की त्रृटि होगी :

(1) 0.10 kg/m^3 (2) 0.31 kg/m^3

(3) 0.07 kg/m^3 (4) 0.01 kg/m^3

FLUIDS MECHANICS

1. पानी की एक टंकी ऊपर से खुली हुयी है तथा इसमें पानी का स्थर स्थिर है। इसकी दीवार में उपस्थित एक 2 cm त्रिज्या के वृत्ताकार छेद से पानी 0.74 m^3/min की दर से बह रहा है। इस छेद के केन्द्र की पानी की सतह से गहराई का सन्निकट मान होगा :

(1) 9.6 m (2) 4.8 m

(3) 2.9 m (4) 6.0 m

2. नगण्य द्रव्यमान वाली एक बेलनाकार प्लास्टिक की बोतल को 310 ml जल से भरा गया है तथा स्थिर जल वाले पात्र में तैरने के लिए छोड़ दिया जाता है। यदि इसे धीरे से नीचे की ओर दबाकर छोड़ दिया जाता है तो यह कोणीय आवृत्ति ω से सरल आवर्त गति करने लगती है। यदि बोतल की त्रिज्या 2.5 cm हो तो ω का लगभग मान होगा:- (जल का घनत्व = 10^3 kg / m^3)

(1) 5.00 rad s^{-1} (2) 1.25 rad s^{-1}

(3) 3.75 rad s^{-1} (4) 2.50 rad s^{-1}

3. एक समतल तली के बड़े टैंक मे पानी 10^{-4} m^3s^{-1} से भर रहा है और इसकी तली में बने 1 cm^2 क्षेत्रफल के एक छेद से पानी बाहर भी बह रहा है। यदि पानी की टैंक में ऊँचाई स्थिर है तो इस ऊँचाई का मान होगा :

(1) 4 cm (2) 2.9 cm

(3) 1.7 cm (4) 5.1 cm

4. ρ घनत्व का द्रव a त्रिज्या वाले होज़ पाईप में से क्षैतिज चाल v से निकल रहा है और एक जाल से टकराता है। 50% द्रव जाल से अप्रभावित निकल जाता है, 25% द्रव का संवेग शून्य हो जाता है तथा 25% द्रव उसी चाल से वापस आ जाता है। जाल पर परिणामी दाब होगा :-

(1) pv^2 (2) $\frac{3}{4}pv^2$

(3) $\frac{1}{2}pv^2$ (4) $\frac{1}{4}pv^2$

5. सर्ल के उपकरण प्रयोग में द्रव्यमान M kg के एक लोड को लम्बाई 2 m व त्रिज्या 1.0 mm वाले स्टील के तार से लटकाया गया है। तार में उत्पन्न लम्बाई में वृद्धि 4.0 mm है। अब भार को पूर्णतया सापेक्षिक घनत्व 2 वाले द्रव में डुबोया जाता है। भार के पदार्थ का सापेक्षिक घनत्व 8 है। स्टील के तार की लम्बाई में वृद्धि का नया मान है :

(1) 4.0mm (2) 3.0mm

(3) 5.0mm (4) zero

node06\B0BO-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

6. एक लम्बा बेलनाकार पात्र द्रव से आधा भरा हुआ है। जब पात्र को इसकी स्वयं की ऊर्ध्वाधर अक्ष के सापेक्ष घुमाया जाता है तो द्रव दीवार के नजदीक ऊपर की ओर चढ़ता है। यदि पात्र की त्रिज्या 5 cm हो तथा इसकी घूर्णन चाल 2 घूर्णन प्रति सेकण्ड हो तो केन्द्र तथा इसकी साइडों की ऊँचाई में cm में अन्तर होगा :

(1) 1.2 (2) 0.1

(3) 2.0 (4) 0.4

7. किसी नली के मुँह पर यांत्रिक पम्प द्वारा फुलाया गया साबुन का एक बुलबुला सयम के साथ नियत दर बढ़ता जाता है। बुलबुले के अंदर दाब की समय पर निर्भरता को सही तरीके से दर्शाने वाला आरेख होगा:-

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

8. एक पाइप से पानी 100 लीटर प्रति मिनट की दर से निकल रहा है। यदि पाइप की त्रिज्या 5 cm है, तब प्रवाह की रेनाल्ड संख्या की कोटि है : (पानी का घनत्व = 1000 kg/m^3, पानी का श्यानता गुणांक = 1mPa s)

(1) 10^6 (2) 10^3

(3) 10^4 (4) 10^2

9. बाल्टी में तैरते हुए, एक लकड़ी के गुटके के आयतन का $\frac{4}{5}$ भाग पानी में डूबा हुआ है। जब बाल्टी में कुछ तेल डालते हैं तो पाया जाता है कि गुटका तेल की सतह से ठीक नीचे तथा इसका आधा हिस्सा तेल के अन्दर तथा आधा पानी के अन्दर है। पानी के सापेक्ष तेल का घनत्व होगा :-

(1) 0.5 (2) 0.7 (3) 0.6 (4) 0.8

10. यदि एक 'r' त्रिज्या की केशिका नली में चढ़े हुए पानी का द्रव्यमान 'M' है तो '2r' त्रिज्या की केशिका नली में चढ़ने वाले पानी का द्रव्यमान होगा :

(1) 4M (2) M (3) 2M (4) $\frac{M}{2}$

11. समुद्र में d_1 गहराई पर एक पनडुब्बी 5.05×10^6 Pa का दाब अनुभव करती है। जब यह पनडुब्बी और गहराई d_2 पर जाती है तो 8.08×10^6 Pa का दाब अनुभव करती है। तब $d_2 - d_1$ का निकटतम मान होगा (दिया है: पानी का घनत्व = 10^3 kg/m^3 तथा गुरूत्वीय त्वरण = 10 ms^{-2})

(1) 500 m (2) 400 m

(3) 300 m (4) 600 m

12. एक नल से पानी ऊर्ध्वाधर नीचे की ओर 1.0 ms^{-1} की आरम्भिक गति से निकलता है। नल के अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल 10^{-4} m^2 है। पानी की धारा में दाब को नियत तथा बहाव को धारा रेखीय मानिये। नल से 0.15 m नीचे धारा का अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल होगा: (g = 10 ms^{-2} लीजिए)

(1) 1×10^{-5} m^2 (2) 5×10^{-5} m^2

(3) 2×10^{-5} m^2 (4) 5×10^{-4} m^2

13. 0.5 m भुजा लम्बाई का एक घनाकार गुटका पानी में तैरता है जिससे उसका 30% आयतन पानी में डूबा है। इस गुटके के ऊपर अधिकतम कितना भार, गुटके को बिना पूरी तरह डुबाये, रखा जा सकता है? (दिया है : पानी का घनत्व = 10^3 kg/m^3)

(1) 65.4 kg (2) 87.5 kg

(3) 30.1 kg (4) 46.3 kg

14. पारा तथा पानी के पृष्ठ तनाव का अनुपात 7.5 है जबकि उनके घनत्व का अनुपात 13.6 है। उनके काँच के साथ संपर्क कोण के लगभग मान, क्रमशः, 135° तथा 0° है। यह पाया जाता है कि पारा एक त्रिज्या r_1 की कोशिका नली में ऊँचाई h से अवनत होता है जबकि पानी त्रिज्या r_2 की कोशिका नली में उसी ऊँचाई h से उन्नत होता है। अनुपात r_1/r_2 का निकट मान होगा :

(1) 2/3 (2) 3/5

(3) 2/5 (4) 4/5

node06\B0B0-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

15. त्रिज्या R के एक ठोस गोले का, श्यानता गुणांक η के एक द्रव में (गुरूत्वीय बल के कारण) सीमान्त वेग v_1 है। यदि इस ठोस गोले को बराबर त्रिज्या के 27 गोलों में बाँटा जाये तो प्रत्येक गोले का सीमान्त वेग इसी द्रव में v_2 पाया जाता है, तो (v_1/v_2) का मान होगा :

(1) 1/27 (2) 1/9 (3) 27 (4) 9

GEOMETRICAL OPTICS

1. दो समतल दर्पणों (M_1 तथा M_2) को परस्पर ऐसे कोण पर रखा गया है जिससे प्रकाश की एक किरण जब M_2 के समान्तर जाती हुयी M_1 पर आपतित होती है तो अंततः वह M_2 से M_1 के समान्तर परावर्तित होती है। दर्पणों के बीच कोण का मान होगा :

(1) 90° (2) 45° (3) 75° (4) 60°

2. एक उत्तल लैंस को प्रकाश स्त्रोत से 10 cm दूरी पर रखा जाता है तथा यह लैंस से 10 cm दूरी पर स्थित पर्दे पर स्पष्ट प्रतिबिम्ब बनाता है। अब मोटाई 1.5 cm वाला काँच ब्लॉक (अपवर्तनांक 1.5) प्रकाश स्त्रोत के साथ संपर्क में रखा जाता है। पुनः स्पष्ट प्रतिबिम्ब प्राप्त करने के लिए पर्दे को दूरी d विस्थापित किया जाता है, तब d का मान है:-

(1) लैंस से 0.55 cm दूर

(2) लैंस से 1.1 cm दूर

(3) 0.55 cm लैंस की ओर

(4) 0

3. आँख को एकल अपवर्तक सतह माना जा सकता है। इस सतह की वक्रता त्रिज्या, कोर्निया के समान (7.8 mm) है यह सतह अपवर्तनांक 1 तथा 1.34 वाले दो माध्यमों को पृथक करती है। अपवर्तक सतह से उस बिन्दु की दूरी ज्ञात कीजिए जिस पर प्रकाश का समान्तर पुंज फोकसित होगा:-

(1) 2 cm (2) 1 cm

(3) 3.1 cm (4) 4.0 cm

4. अपवर्तनांक μ_1 तथा फोकस f_1 दूरी के एक समतलोत्तल लेन्स को अपवर्तनांक μ_2 तथा फोकस दूरी f_2 के दूसरे समतल-अवतल लेन्स के सम्पर्क में रखा गया है। यदि उनके प्रत्येक गोलीय फलक की वक्रता त्रिज्या R है तथा $f_1 = 2f_2$ है, तो μ_1 तथा μ_2 में सम्बन्ध होगा :

(1) $\mu_1 + \mu_2 = 3$ (2) $2\mu_1 - \mu_2 = 1$

(3) $2\mu_2 - \mu_1 = 1$ (4) $3\mu_2 - 2\mu_1 = 1$

5. एक एकवर्णीय प्रकाश किसी समबाहु त्रिभुजीय प्रिज्म पर एक निश्चित कोण पर आपतित होता है और उसका न्यूनतम विचलन होता है। यदि प्रिज्म के पदार्थ का अपवर्तनांक $\sqrt{3}$ हो, तो आपतन कोण है :-

(1) 30° (2) 45° (3) 90° (4) 60°

6. क्राऊन काँच के पतले प्रिज्म के अपवर्तनांक के परिवर्तन को आपतित प्रकाश की तरंगदैर्ध्य के साथ दिखाया गया है। यदि D_m न्यूनतम विचलन कोण है तो निम्न में से कौनसा ग्राफ सही है ?



(1)


(2)


(3)


(4)


node06\B0BO-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

7. 0.3 m फोकस दूरी के एक उत्तल लेन्स से कोई वस्तु 20 m की दूरी पर है। लेन्स द्वारा वस्तु का प्रतिबिम्ब बनता है। यदि यह वस्तु लेन्स से दूर 5 m/s की चाल से जाती है तो प्रतिबिम्ब की चाल और दिशा होगी :-

(1) 0.92×10^{-3} m/s, लेन्स से दूर

(2) 2.26×10^{-3} m/s लेन्स से दूर

(3) 1.16×10^{-3} m/s लेन्स की ओर

(4) 3.22×10^{-3} m/s लेन्स की ओर

8. चित्र में द्वि-उत्तल लेंस के उपयोग से वास्तविक बिम्ब के निर्माण को दर्शाया गया है।



यदि बिम्ब तथा पर्दे की स्थितियों को परिवर्तित किये किये बिना सम्पूर्ण व्यवस्था को जल में डुबा दिया जाये तो पर्दे पर क्या दिखाई देगा?

(1) प्रतिबिम्ब अदृश्य हो जायेगा।

(2) कोई परिवर्तन नहीं होगा।

(3) सीधा वास्तविक प्रतिबिम्ब

(4) आवर्धित प्रतिबिम्ब।

9. एक समतलोत्तल लेंस (फोकस दूरी f_2, अपवर्तनांक μ_2, वक्रता त्रिज्या R) एक अन्य समतलोवतल लेंस (फोकस दूरी f_1, अपवर्तनांक μ_1, वक्रता त्रिज्या R) में पूर्णतया फिट बैठता है। इनकी समतल सतहें एक दूसरे के समान्तर है। इस संयोजन की फोकस दूरी होगी :

(1) $f_1 - f_2$ (2) $f_1 + f_2$

(3) $\frac{R}{\mu_2 - \mu_1}$ (4) $\frac{2f_1f_2}{f_1 + f_2}$

10. दीवार पर ऊर्ध्वाधर टाँगे हुए d चौड़ाई के समतल दर्पण के सामने, उसके मध्य बिन्दु से L दूरी पर, प्रकाश का एक बिन्दु स्त्रोत S रखा हुआ है। दिखाये अनुसार दर्पण के सामने 2L दूरी पर, एक व्यक्ति दर्पण के समान्तर, एक रेखा में चलता है। वह दूरी, जहाँ तक व्यक्ति प्रकाश स्त्रोत का प्रतिबिम्ब देख सकता है, होगी:-



(1) 3d

(2) $\frac{d}{2}$

(3) d

(4) 2d

11. दिये गये चित्र में लेन्स संयोजन से बने प्रतिबिम्ब की स्थिति व प्रकृति होगी:- (f_1, f_2 फोकस दूरियाँ)



(1) बिन्दु B से 70 cm बाँयी ओर; आभासी

(2) बिन्दु B से 40 दाँयी ओर; वास्तविक

(3) बिन्दु B से $\frac{20}{3}$ दाँयी ओर; वास्तविक

(4) बिन्दु B से 70 दाँयी ओर; वास्तविक

node06\B0B0-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

12. एक उत्तल लेंस (फोकस दूरी 20 cm) तथा एक अवतल दर्पण, जिनके मुख्य अक्ष एक ही रेखा में हैं, को एक दूसरे से 80 cm की दूरी पर रखा गया है; अवतल दर्पण उत्तल लेंस के दाहिनी तरफ रखा है। जब एक वस्तु उत्तल लेंस के बाँयी तरफ 30 cm की दूरी पर रखी जाती है, तो उसका प्रतिबिंब उसी स्थान पर ही रहता है, भले ही अवतल दर्पण को उसकी स्थिति से हटा दिया जाये। वस्तु की अधिकतम दूरी, जिसके लिए वह अवतल दर्पण खुद से ही आभासी प्रतिबिंब बनाये, होगी :-

(1) 20 cm (2) 10 cm
(3) 25 cm (4) 30 cm

13. 20 cm फोकस लंबाई वाले एक अभिसारी लेंस के सामने 40 cm की दूरी पर एक सीधी वस्तु को रखा गया है। लैंस के दूसरी ओर 60 cm की दूरी पर 10cm फोकस लंबाई वाले एक अभिसारी दर्पण को रखा गया है। अंतिम प्रतिबिम्ब की स्थिति और आकार होगा–

(1) अभिसारी दर्पण से 40 cm पर, वस्तु के समान आकार का

(2) अभिसारी दर्पण से 20 cm पर, वस्तु के समान आकार का

(3) अभिसारी दर्पण से 20 cm पर, वस्तु के आकार का दोगुना

(4) अभिसारी लेंस से 40 cm पर, वस्तु के आकार का दोगुना

14. चित्र में $\ell = 2m$ लम्बे तथा $d = 20\ \mu m$ व्यास के एक प्रकाश तन्तु को दिखाया है। यदि प्रकाश की किरण इस तन्तु के एक सिरे पर $\theta_1 = 40°$ कोण पर आपतित होती है तो दूसरे सिरे से निकलने से पूर्व इसके परावर्तनों की लगभग संख्या होगी –

(फाइबर का अपवर्तनांक 1.31 है और $\sin 40° = 0.64$)



(1) 55000 (2) 57000
(3) 66000 (4) 45000

15. 1.5 अपवर्तनांक के एक पतले उत्तल लेन्स L को, किसी समतल दर्पण M की सतह पर रखते हैं। जब एक पिन को A पर रखते हैं, तब इसका वास्तविक किन्तु उल्टा प्रतिबिम्ब दिखाये चित्रानुसार A पर ही बनता है। दिया है OA = 18 cm अपवर्तनांक μ_1 के एक द्रव को लेन्स तथा दर्पण के बीच डालने पर, पिन के वास्तविक एवं उल्टे प्रतिबिम्ब को A पर ही पाने कि लिए पिन को A' तक इस प्रकार उठाते हैं कि OA' = 27 cm μ_1 का मान होगा :-



(1) $\sqrt{2}$ (2) $\frac{4}{3}$ (3) $\sqrt{3}$ (4) $\frac{3}{2}$

16. 20 cm फोकस दूरी के एक उत्तल लेंस से किसी वस्तु के प्रतिबिम्ब का आवर्धन 2 ही होता जब वस्तु को लेंस से दो दूरियों x_1 तथा x_2 $(x_1 > x_2)$ पर रखते हैं। x_1 और x_2 का अनुपात हैं :-

(1) 5 : 3 (2) 2 : 1
(3) 4 : 3 (4) 3 : 1

17. अपने चेहरे को देखने के लिये एक 0.4 m फोकस दूरी का अवतल दर्पण उपयोग करते हैं। यदि अपने प्रतिबिंब को सीधा और 5 गुना बड़ा देखना हो तो दर्पण की चेहरे से दूरी का मान होगा :

(1) 1.60 m (2) 0.24 m
(3) 0.16 m (4) 0.32 m

18. दिये गये ग्राफ में एक पतले लेंस के आवर्धन m को प्रतिबिम्ब की दूरी v के साथ दर्शाया गया है। इस लेंस की फोकस दूरी क्या होगी ?



(1) $\frac{b^2c}{a}$ (2) $\frac{b^2}{ac}$ (3) $\frac{a}{c}$ (4) $\frac{b}{c}$

node06\B0BO-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

19. एक समतल-उत्तल और एक समतल-अवतल लेंस, जिनकी वक्रता त्रिज्या 'R' है वो अलग पदार्थो के बने हैं। इन दोनों का चित्रानुसार चिपका दिया जाता है। यदि लेंस-1 के पदार्थ का अपवर्तनांक μ_1 तथा लेंस-2 के पदार्थ का अपवर्तनांक μ_2 है तो इस संयोजन की फोकस दूरी होगी :



(1) $\frac{R}{2-(\mu_1-\mu_2)}$ (2) $\frac{2R}{\mu_1-\mu_2}$

(3) $\frac{R}{2(\mu_1-\mu_2)}$ (4) $\frac{R}{\mu_1-\mu_2}$

20. एक प्रकाश की किरण AO निर्वात से काँच में 60° के कोण पर आपतित है तथा इसका अपवर्तन 30° के कोण पर OB के समदिश चित्रानुसार होता है। इस किरण की A से B तक प्रकाशिक पथ लम्बाई (Optical path length) होगी :



(1) 2a + 2b (2) $2a+\frac{2b}{3}$

(3) $\frac{2\sqrt{3}}{a}+2b$ (4) $2a+\frac{2b}{\sqrt{3}}$

21. अपवर्तनांक μ_1 के एक द्रव में अपवर्तनांक $\mu_1(\mu_1<\mu_2)$ के पारदर्शी गुटके को डुबाया जाता है। प्रकाश की एक किरण इस गुटके के पृष्ठ AB पर द्रव से, चित्रानुसार, θ कोण पर आपतित होती है। पृष्ठ BC के बिन्दु E पर पूर्ण आन्तरिक परावर्तन होने के लिये, θ का मान कौनसा सम्बन्ध संतुष्ट करेगा :



(1) $\theta<\sin^{-1}\frac{\mu_1}{\mu_2}$ (2) $\theta<\sin^{-1}\sqrt{\frac{\mu_2^2}{\mu_1^2}-1}$

(3) $\theta>\sin^{-1}\frac{\mu_1}{\mu_2}$ (4) $\theta>\sin^{-1}\sqrt{\frac{\mu_2^2}{\mu_1^2}-1}$

22. 40 cm वक्रता त्रिज्या का एक अवतल दर्पण, आरेख (चित्र) में दर्शाये गये अनुसार, एक गिलास की तली में रखा है। गिलास में 5 cm ऊँचाई तल जल भरा है। एक छोटा सा कण जल की सतह पर तैर रहा है। गिलास के ठीक ऊपर से देखने पर, इस का प्रतिबिम्ब जल की सतह से d दूरी पर है। तो, d का निकट मान होगा : (पानी का अपवर्तनांक = 1.33)



(1) 8.8 cm (2) 11.7 cm
(3) 6.7 cm (4) 13.4 cm

node06\B0B0-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

GRAVITATION

1. एक उपग्रह को पृथ्वी की सतह से ऊँचाई h तक लाने में E_1 ऊर्जा लगती है तथा इस उपग्रह को इस ऊँचाई की वृत्ताकार कक्षा में रखने के लिए E_2 ऊर्जा की आवश्यकता होती है। h का वह मान, जिसके लिए E_1 तथा E_2 बराबर है, होगा : (दिया है: पृथ्वी की त्रिज्या $= 6.4 \times 10^3$ km)

(1) 1.28×10^4 km

(2) 6.4×10^3 km

(3) 3.2×10^3 km

(4) 1.6×10^3 km

2. सूर्य के चारों ओर वृत्ताकार कक्ष में गतिशील द्रव्यमान m वाले एक ग्रह का सूर्य के केन्द्र के सापेक्ष कोणीय संवेग L है, तो इसका त्रिज्यीय वेग है:-

(1) $\frac{4L}{m}$ (2) $\frac{L}{m}$ (3) $\frac{L}{2m}$ (4) $\frac{2L}{m}$

3. प्रत्येक द्रव्यमान 3×10^{31} kg वाले दो तारों के मध्य दूरी 2×10^{11}m है। ये उभयनिष्ठ द्रव्यमान केन्द्र O के सापेक्ष एक तल में घूर्णन करते हैं। एक उल्का पिण्ड तारे के घूर्णन तल के लम्बवत् गतिशील होकर O से गुजरता है। इस द्वितारे के गुरूत्वाकर्षण क्षेत्र से पलायन के लिये O पर उल्कापिण्ड की न्यूनतम चाल क्या होनी चाहिये? (गुरूत्वाकर्षण नियतांक $G = 6.67 \times 10^{-11}$ $Nm^2 kg^{-2}$)

(1) 1.4×10^5 m/s (2) 24×10^4 m/s

(3) 3.8×10^4 m/s (4) 2.8×10^5 m/s

4. एक उपग्रह पृथ्वी के परित: वृत्ताकार कक्षा में एक नियत गति v से घूम रहा है। उपग्रह से द्रव्यमान 'm' का एक पिण्ड इस तरह उत्क्षेपित होता है कि वह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से ठीक पलायन कर जाता है। उत्क्षेपण के समय पिण्ड की गतिज ऊर्जा का मान होगा :

(1) $\frac{3}{2}mv^2$ (2) mv^2

(3) $2mv^2$ (4) $\frac{1}{2}mv^2$

5. एक ग्रह का द्रव्यमान तथा व्यास, पृथ्वी की संगत राशियों का तीन गुना है। पृथ्वी पर एक सरल लोलक का आवर्तकाल 2s है। उसी लोलक का ग्रह पर आवर्तकाल होगा :-

(1) $\frac{2}{\sqrt{3}}$s (2) $2\sqrt{3}$ s

(3) $\frac{\sqrt{3}}{2}$s (4) $\frac{3}{2}$s

6. पृथ्वी की सतह से h ऊँचाई पर एक उपग्रह एक वृत्तीय कक्षा में इस प्रकार घूम रहा है कि $h << R$ जहाँ R पृथ्वी की त्रिज्या है। माना कि पृथ्वी के वायुमण्डल का प्रभाव नगण्य है। कक्षीय चाल में कितनी न्यूनतम वृद्धि होनी चाहिए जिससे कि उपग्रह पृथ्वी के गुरूत्वीय क्षेत्र से पलायन कर सके :-

(1) $\sqrt{gR}\left(\sqrt{2}-1\right)$ (2) $\sqrt{2gR}$

(3) $\sqrt{gR}$ (4) $\sqrt{\frac{gR}{2}}$

7. दो उपग्रह A व B के द्रव्यमान क्रमश: m तथा 2m है। A पृथ्वी के चारों ओर R त्रिज्या की वृत्ताकार कक्षा में तथा B, 2R त्रिज्या की वृत्ताकार कक्षा में है। इनकी गतिज ऊर्जाओं का अनुपात T_A/T_B है :

(1) 2 (2) $\sqrt{\frac{1}{2}}$ (3) 1 (4) $\frac{1}{2}$

8. लम्बाई L की एक छड़ $x = a$ तथा $x = L + a$ के मध्य रखी है। यदि इस छड़ का प्रति इकाई लम्बाई द्रव्यमान $A + Bx^2$ है, तो बिन्दु $x = 0$ पर रखे हुए एक बिन्दु द्रव्यमान 'm' पर, छड़ द्वारा लगाया गुरूत्वीय बल होगा:-

(1) $Gm\left[A\left(\frac{1}{a+L}-\frac{1}{a}\right)-BL\right]$

(2) $Gm\left[A\left(\frac{1}{a}-\frac{1}{a+L}\right)+BL\right]$

(3) $Gm\left[A\left(\frac{1}{a+L}-\frac{1}{a}\right)+BL\right]$

(4) $Gm\left[A\left(\frac{1}{a}-\frac{1}{a+L}\right)-BL\right]$

node06\B0BC-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

9. M द्रव्यमान का एक उपग्रह पृथ्वी के परित: R त्रिज्या की एक वृत्तीय कक्षा में घूर्णन कर रहा है। समान द्रव्यमान का एक घूमकेतू पृथ्वी की ओर गिरते हुए, इस उपग्रह के साथ पूर्णतया अप्रत्यास्थ संघट्ट करता है। उपग्रह तथा धूमकेतू की चालें संघट्ट से ठीक पहले बराबर है। संघट्ट के बाद संयुक्त पिण्ड की गति होगी:-

(1) भिन्न त्रिज्या की एक वृत्तीय कक्षा में

(2) R त्रिज्या की उसी वृत्तीय कक्षा में

(3) दीर्घवृत्तीय कक्षा में

(4) इस प्रकार कि यह अनन्त में पलायन कर जायेगा।

10. एक रॉकेट को पृथ्वी से इस तरह प्रक्षेपित करते हैं कि वह वापस नहीं आता है। यदि इसके लिये रॉकेट प्रक्षेपक (launcher) द्वारा दी गयी न्यूनतम ऊर्जा E है तो उसी रॉकेट को चन्द्रमा की सतह से प्रक्षेपित करने के लिए प्रक्षेपक द्वारा दी गयी न्यूनतम ऊर्जा क्या होगी? मानिये कि पृथ्वी तथा चन्द्रमा का घनत्व समान है तथा पृथ्वी का आयतन चन्द्रमा से 64 गुना ज्यादा है :-

(1) $\frac{E}{4}$ (2) $\frac{E}{16}$ (3) $\frac{E}{32}$ (4) $\frac{E}{64}$

11. द्रव्यमान M के चार एकसमान कण भुजा 'a' के एक वर्ग के कोनों पर स्थित है। यदि ये कण एक दूसरे के गुरूत्वाकर्षण प्रभाव में इस वर्ग के परिवृत्त एक वृत्तीय कक्षा में गतिशील है तो कण की चाल क्या होगी?



(1) $1.21\sqrt{\frac{GM}{a}}$ (2) $1.41\sqrt{\frac{GM}{a}}$

(3) $1.16\sqrt{\frac{GM}{a}}$ (4) $1.35\sqrt{\frac{GM}{a}}$

12. एक परीक्षण कण द्रव्यमान घनत्व $\rho(r)=\frac{K}{r^2}$ से उत्पन्न गुरूत्वीय क्षेत्र में एक वृत्ताकार कक्षा में घूम रहा है। कण के कक्ष की त्रिज्या R तथा इसके आवर्तकाल T के बीच सही सम्बन्ध होगा :

(1) T/R^2 नियत है। (2) TR नियत है।

(3) T^2/R^3 नियत है। (4) T/R नियत है।

13. द्रव्यमान 'M' तथा त्रिज्या 'a' का एक ठोस गोला एक एकसमान समकेन्द्रीय गोलीय आवरण, जिसकी मोटाई '2a' तथा द्रव्यमान '2M' है, से घिरा है। केन्द्र से '3a' दूरी पर गुरूत्वीय क्षेत्र होगा :

(1) $\frac{2GM}{9a^2}$ (2) $\frac{GM}{3a^2}$

(3) $\frac{GM}{9a^2}$ (4) $\frac{2GM}{3a^2}$

14. एक ग्रह की सतह से 20 km ऊँचाई पर एक अन्तरिक्षयान ग्रह के परित: कक्षा में घूम रहा है। यदि यान पर सिर्फ ग्रह का गुरूत्वीय क्षेत्र प्रभावी है तो यान द्वारा 24 hrs में लगाये गये पूरे चक्करों की संख्या का मान होगा?

[दिया है : ग्रह का द्रव्यमान = 8×10^{22} kg ;

ग्रह की त्रिज्या = 2×10^6 m,

गुरूत्वीय नियतांक G = 6.67×10^{-11} Nm^2/kg^2]

(1) 9 (2) 11

(3) 13 (4) 17

15. पृथ्वी की सतह पर गुरूत्वीय त्वरण का मान 9.8 ms^{-2} है। पृथ्वी की सतह से वह ऊँचाई, जहाँ गुरूत्वीय त्वरण घटकर 4.9 ms^{-2} हो जाती है, होगी : (पृथ्वी की त्रिज्या = 6.4×10^6 m)

(1) 1.6×10^6 m (2) 6.4×10^6 m

(3) 9.0×10^6 m (4) 2.6×10^6 m

16. एक पिण्ड के पृथ्वी तथा एक दूसरे ग्रह की सतह पर भारों का अनुपात 9 : 4 हैं। दूसरे ग्रह का द्रव्यमान पृथ्वी के द्रव्यमान का $\frac{1}{9}$ है। यदि पृथ्वी की त्रिज्या 'R' है तो ग्रह की त्रिज्या क्या होगी ? (माना कि दोनों ग्रहों का द्रव्यमान घनत्व समान है)

(1) $\frac{R}{3}$ (2) $\frac{R}{2}$

(3) $\frac{R}{4}$ (4) $\frac{R}{9}$

HEAT & THERMODYNAMICS

1. नाइट्रोजन गैस की 15 g मात्रा को एक पात्र में 27°C पर रखा गया है। ऊष्मा की वह मात्रा, जिससे गैस के अणुओं का वर्ग माध्य मूल वेग दो गुना हो जायेगा, का मान होगा : [दिया है : R = 8.3 J/ K mole]

(1) 10 kJ

(2) 0.9 kJ

(3) 6 kJ

(4) 14 kJ

2. दो कार्नो (Carrnot) इंजन A तथा B को श्रेणीक्रम में चलाया जाता है। पहला इंजन A तापमान T_1(= 600 K) पर ऊष्मा लेता है व तापमान T_2 के एक ऊष्मा भंडार को ऊष्मा देता है। दूसरा इंजन B इस पहले इंजन द्वारा दी हुयी ऊष्मा को लेकर तापमान T_3(= 400 K) के ऊष्मा भंडार को ऊष्मा देता है। यदि दोनों इंजनों का कार्य उत्पादन बराबर है तो T_2 का मान होगा :

(1) 400 K (2) 600 K

(3) 500 K (4) 300 K

3. एक गैस को A से B तक दो भिन्न-भिन्न प्रक्रमों ACB तथा ADB से होकर ले जाया जाता है। जब पथ ACB का उपयोग किया जाता है तो निकाय में 60 J ऊष्मा प्रवाहित होती है तथा निकाय द्वारा किया गया कार्य 30 J है। यदि पथ ADB का उपयोग किया जाता है तो निकाय द्वारा 10 J कार्य किया जाता है, तो निकाय में पथ ADB में ऊष्मा प्रवाह का मान है :



(1) 80 J (2) 20 J (3) 100 J (4) 40 J

4. 2 मोल हीलियम गैस (परमाणु द्रव्यमान = 4 u) तथा 1 मोल आर्गन गैस (परमाणु द्रव्यमान = 40 u) के एक मिश्रण को एक पात्र में 300 K पर रखा जाता है। उनकी वर्ग माध्य मूल चालों $\left[\frac{V_{rms}(helium)}{V_{rms}((argon)}\right]$ का अनुपात लगभग है:

(1) 2.24 (2) 0.45

(3) 0.32 (4) 3.16

5. कमरे के ताप पर लम्बाई L तथा समरूप अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल A वाली एक छड़, रेखीय प्रसार गुणांक α/°C वाले पदार्थ से बनी है। यह देखा गया है कि जब इसका तापमान बढ़ाकर ΔT K किया जाता है, तो छड़ की लम्बाई में किसी भी परिवर्तन को रोकने के लिए इसके प्रत्येक सिरे पर एक बाह्य संपीड़ित बल F लगाया जाता है। इस धातु के लिए यंग गुणांक Y का मान है :

(1) $\frac{F}{2A\alpha\Delta T}$ (2) $\frac{F}{A\alpha(\Delta T-273)}$

(3) $\frac{F}{A\alpha\Delta T}$ (4) $\frac{2F}{A\alpha\Delta T}$

node06\B0BO-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

6. लम्बाई 2L वाली समरूप छड़ AB के दोनों सिरों के मध्य तापान्तर 120°C रखा जाता है। लम्बाई $\frac{3L}{2}$ तथा AB के समान अनुप्रस्थकाट वाली एक अन्य मुड़ी हुयी छड़, PQ को AB के सिरों पर चित्रानुसार जोड़ा जाता है। स्थायी अवस्था में P तथा Q के मध्य तापान्तर लगभग होगा :



(1) 60ºC (2) 75ºC (3) 35ºC (4) 45ºC

7. द्रव्यमान 192 g वाली अज्ञात धातु को 100°C तापमान तक गर्म कर 8.4 °C तापमान वाले 240 g जल से भरे हुए 128 gm द्रव्यमान के पीतल के केलोरीमीटर में डुबोया जाता है। यदि जल का तापमान 21.5ºC पर स्थिर हो जाता है तो अज्ञात धातु की विशिष्ट ऊष्मा ज्ञात कीजिये। (पीतल की विशिष्ट ऊष्मा 394 J kg^{-1} K^{-1} होती है)

(1) 1232 J kg^{-1} K^{-1} (2) 458 J kg^{-1} K^{-1}

(3) 654 J kg^{-1} K^{-1} (4) 916 J kg^{-1} K^{-1}

8. आधा मोल आदर्श एकपरमाणुक गैस को 20 ºC से 90ºC तक 1 atm नियत दाब पर गर्म किया जाता है। गैस द्वारा किया गया कार्य लगभग है?

(गैस नियतांक R = 8.31 J /mol.K है।)

(1) 73 J (2) 291 J

(3) 581 J (4) 146 J

9. दो किलोग्राम एकपरमाण्विक गैस दाब 4×10^4 N/m^2 पर है। गैस का घनत्व 8 kg/m^3 है। इसकी तापीय गति के कारण गैस की ऊर्जा की कोटि है :-

(1) 10^3 J (2) 10^5 J

(3) 10^6 J (4) 10^4 J

10. T = 10^3 K तापमान के गर्म ऊष्मा भण्डार को T = 10^2 K तापमान के ऊष्मा भण्डार से, 1 m मोटाई के ताँबे के पटल द्वारा जोड़ते हैं। दिया है, ताँबे की ऊष्मा चालकता 0.1 WK^{-1} m^{-1} है। साम्यावस्था में इसमें गुजरने वाला ऊर्जा फ्लक्स होगा :

(1) 90 Wm^{-2} (2) 200 Wm^{-2}

(3) 65 Wm^{-2} (4) 120 Wm^{-2}

11. तीन कार्नो इंजन श्रेणीक्रम में T_1 तापमान के एक गर्म ऊष्मा भण्डार तथा T_4 तापमान के एक ठण्डे ऊष्मा भण्डार के बीच लगे हैं (चित्र देखिये)। दिखाये अनुसार T_2 तथा T_3 तापमान के दो और ऊष्मा भण्डार है यहाँ $T_1 > T_2 > T_3 > T_4$ हैं। तीनों इंजन बराबर क्षमता के होंगे, यदि :



(1) $T_2 = \left(T_1^2 T_4\right)^{1/3}; T_3 = \left(T_1 T_4^2\right)^{1/3}$

(2) $T_2 = \left(T_1 T_4^2\right)^{1/3}; T_3 = \left(T_1^2 T_4\right)^{1/3}$

(3) $T_2 = \left(T_1^3 T_4\right)^{1/4}; T_3 = \left(T_1 T_4^3\right)^{1/4}$

(4) $T_2 = (T_1 T_4)^{1/2}; T_3 = (T_1^2 T_4)^{1/3}$

12. एकसमान आकार की दो छड़ A तथा B, 30°C तापमान पर है। यदि A को 180°C तक तथा B को T°C तक गर्म करते हैं तो इनकी नई लम्बाइयाँ समान है। यदि A तथा B के रेखीय प्रसार गुणांकों का अनुपात 4 : 3 है तो, T का मान है :-

(1) 270°C (2) 230°C

(3) 250°C (4) 200°C

13. 100 g द्रव्यमान तथा 100°C तापमान वाले द्रव A को 50 g द्रव्यमान तथा 75°C तापमान वाले दूसरे द्रव B के साथ मिलाते हैं तो मिश्रण का तापमान 90°C हो जाता है। यदि 100 g द्रव्यमान तथा 100°C तापमान वाले द्रव A को 50 g द्रव्यमान तथा 50°C तापमान वाले द्रव B के साथ मिलाये तो मिश्रण का तापमान होगा :-

(1) 80°C (2) 60°C

(3) 70°C (4) 85°C

14. रेखीय स्केल के अनुसार मापांकित एक तापमापी (thermometer) का पाठ्यांक उबलते हुए पानी के सम्पर्क में x_0, तथा बर्फ के सम्पर्क में $x_0/3$ आता है। इस तापमापी को किसी वस्तु के सम्पर्क में रखने पर इसका पाठ्यांक $x_0/2$ आता है तो, वस्तु का तापमान °C में क्या है ?

(1) 35 (2) 25 (3) 60 (4) 40

15. एक प्रक्रम में, एक आदर्श एकपरमाणुक गैस के एक मोल का आयतन व तापमान, सम्बन्ध $VT = K$ द्वारा बदलता है, जहाँ कि K एक नियतांक है। इस प्रक्रिया में गैस का तापमान ΔT बढ़ जाता है। गैस द्वारा अवशोषित ऊष्मा का मान है (R गैस स्थिरांक है) :-

(1) $\frac{1}{2}R\Delta T$ (2) $\frac{3}{2}R\Delta T$

(3) $\frac{1}{2}KR\Delta T$ (4) $\frac{2K}{3}\Delta T$

16. 0.1 kg द्रव्यमान की धातु की एक गेंद को 500°C तक गर्म करते हैं और 800 JK^{-1} ऊष्माधारिता वाले एक पात्र, जिसमें 0.5 kg पानी है, के अन्दर डाल देते हैं। पानी तथा पात्र का आरम्भिक तापमान 30°C है। पानी के तापमान में हुई प्रतिशत वृद्धि लगभग क्या है? (पानी तथा धातु की विशिष्ट ऊष्माधारितायें क्रमशः 4200 $Jkg^{-1}K^{-1}$ तथा 400 $JKg^{-1}K^{-1}$ हैं]

(1) 30% (2) 20%

(3) 25% (4) 15%

17. कक्षीय तापमान पर एक दृढ़ द्विपरमाणुक आदर्श गैस एक रूद्धोष्म प्रक्रम से गुजरती है। इस प्रक्रम के लिए तापमान और आयतन में, TV^x = नियतांक सम्बन्ध है तो x होगा :-

(1) $\frac{5}{3}$ (2) $\frac{2}{5}$ (3) $\frac{2}{3}$ (4) $\frac{3}{5}$

18. गैस के एक मिश्रण में आक्सीजन के 3 मोल तथा आर्गन के 5 मोल तापमान T पर है। केवल स्थानांतरीय और घूर्णन विधा मानें तो संकाय की कुल आन्तरिक ऊर्जा होगी :-

(1) 12 RT (2) 20 RT

(3) 15 RT (4) 4 RT

19. 40°C पर 50g पानी में –20° C पर रखी बर्फ मिलाते हैं। जब मिश्रण का तापमान 0°C हो जाता है तो देखा जाता है कि 20 g बर्फ अभी भी जमी हुई है। पानी में मिलायी गयी बर्फ की मात्रा का सन्निकट मान था :

(जल की विशिष्ट ऊष्मा = 4.2 J/g/°C)

बर्फ की विशिष्ट ऊष्मा = 2.1 J/g/°C

(1) 50 g (2) 40 g

(3) 60 g (4) 100 g

20. एक ऊर्ध्वाधर बंद बेलन को द्रव्यमान m व नगण्य मोटाई वाले घर्षणरहित पिस्टन द्वारा दो भागों में विभाजित किया जाता है। यह पिस्टन बेलन की लम्बाई के अनुदिश गति के लिये स्वतंत्र है। बेलन की लम्बाई पिस्टन के ऊपर ℓ_1 तथा पिस्टन के नीचे ℓ_2 इस प्रकार है कि $\ell_1 > \ell_2$ है। बेलन के प्रत्येक भाग में n मोल आदर्श गैस समान तापमान T पर भरी हुई है। यदि पिस्टन स्थिर हो तो इसका द्रव्यमान m होगा (R सार्वत्रिक गैस नियतांक तथा g गुरुत्वीय त्वरण है।)

(1) $\frac{nRT}{g}\left[\frac{1}{\ell_2}+\frac{1}{\ell_1}\right]$ (2) $\frac{nRT}{g}\left[\frac{\ell_1-\ell_2}{\ell_1\ell_2}\right]$

(3) $\frac{RT}{g}\left[\frac{2\ell_1+\ell_2}{\ell_1\ell_2}\right]$ (4) $\frac{RT}{ng}\left[\frac{\ell_1-3\ell_2}{\ell_1\ell_2}\right]$

node06\B0BO-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

21. एक आदर्श गैस को किसी बेलन में 2 वायुमण्डलीय दाब तथा 300 K तापमान पर भरा गया है। दो क्रमागत टक्करों के मध्य माध्य समय 6×10^{-8} s है। यदि दाब को दुगुना तथा तापमान को बढ़ाकर 500 K कर दिया ताये तो अब क्रमागत टक्करों के मध्य समय लगभग हो जायेगा :

(1) 4×10^{-8}s (2) 3×10^{-6}s

(3) 2×10^{-7}s (4) 0.5×10^{-8}s

22. त्रिज्या R का एक बेलन एक बेलनाकार कोश, जिसकी आंतरिक त्रिज्या R तथा बाह्य त्रिज्या 2R है, से घिरा है। आंतरिक बेलन की ऊष्मा चालकता K_1 तथा बाह्य बेलन की ऊष्मा चालकता K_2 है। माना कि बेलनों से ऊष्मा क्षय शून्य है, तो इस निकाय की प्रभावी ऊष्मा चालकता, जबकि ऊष्मा का प्रवाह बेलन की लम्बाई के अनुदिश है, होगी:-

(1) $K_1 + K_2$ (2) $\frac{K_1 + K_2}{2}$

(3) $\frac{2K_1 + 3K_2}{5}$ (4) $\frac{K_1 + 3K_2}{4}$

23. 3×10^6 Pa दाब पर एक आदर्श गैस $2m^3$ आयतन घेरती है। इस गैस की ऊर्जा होगी:-

(1) 3×10^2 (2) 10^8 J

(3) 6×10^4 J (4) 9×10^6 J

24. एक गैस के लिए दिय गए चक्रीय प्रक्रम CAB में किया गया काय है:-



(1) 1 J (2) 5 J

(3) 10 J (4) 30 J

25. दिये गये चित्र में चार प्रक्रम, समआयतनिक, समदाबीय, समतापीय तथा रूद्धोष्म, दिखाये गये हैं। इन ग्राफों का इसी क्रम में सही निर्दिष्टीकरण होगा :-



(1) d a c b (2) a d c b

(3) a d b c (4) d a b c

26. वह तापमान, जिस पर हाइड्रोजन अणु का वर्ग माध्य मूल वेग, पृथ्वी से उसके पलायन वेग के बराबर होगा, का सन्निकट मान है :

[दिया है : बोल्टजमॉन नियतांक $k_B = 1.38 \times 10^{-23}$ J/K

आवोगाद्रो संख्या $N_A = 6.02 \times 10^{26}$ /kg

पृथ्वी की त्रिज्या : 6.4×10^6 m

पृथ्वी पर गुरुत्वीय त्वरण = $10ms^{-2}$]

(1) 650 K

(2) 3×10^5 K

(3) 10^4 K

(4) 800 K

27. एक बालक का गुलेल 42 cm लम्बी और 6 mm अनुप्रस्थ काट के व्यास की रबड़ की डोरी का बना है, जिसका द्रव्यमान नगण्य है। बालक 0.02 kg भार का एक पत्थर इस पर रखता है और डोरी को एक नियत बल से 20 cm द्वारा तानित करता है। जब इसे छोड़ता है, तब पत्थर 20 ms^{-1} के वेग से जाता है। तानित होने पर डोरी के अनुप्रस्थ काट में परिवर्तन नगण्य है। रबड़ का यंग प्रत्यास्थता गुणांक का निकटतम मान है -

(1) 10^4 Nm^{-2}

(2) 10^8 Nm^{-2}

(3) 10^6 Nm^{-2}

(4) 10^3 Nm^{-2}

node06\B0B0-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

28. दो एकसमान बीकर A एवं B में दो भिन्न द्रवों के समान आयतन 60°C तापमान पर रखे है और ठण्डा होने के लिए छोड़ दिए गये है। A में द्रव का घनत्व 8×10^2 kg/m^3 है और विशिष्ट ऊष्मा 2000 J kg^{-1} K^{-1} जबकि B में द्रव का घनत्व 10^3 kg m^{-3} है और विशिष्ट ऊष्मा 4000 J kg^{-1} K^{-1} है। निम्नलिखित में से कौनसा ग्राफ तापमान का समय के साथ परिवर्तन विधिवत् प्रदर्शित करता है? (दोनों बीकरों की उत्सर्जकता एकसमान मान लें)

(1)



(2)



(3)



(4)



29. 4 kg के भार को वहन करते हुए एक 2.0 mm त्रिज्या के स्टील के एक तार को छत से लटकाया गया है। दिया है $g = 3.1\ \pi\ ms^{-2}$ । तार में उत्पन्न तन्य प्रतिबल (tensile stress) का मान क्या होगा?

(1) 4.8×10^6 Nm^{-2}

(2) 5.2×10^6 Nm^{-2}

(3) 6.2×10^6 Nm^{-2}

(4) 3.1×10^6 Nm^{-2}

30. 0°C पर 150 g पानी को ऊष्मीय विलग पात्र में रखा गया है। पात्र से वायु को रूद्धोष्म प्रक्रम द्वारा निष्कासित करते है। पानी का एक भाग बर्फ में तथा शेष 0°C की वाष्प में परिवर्तित हो जाता है। वाष्पित पानी के द्रव्यमान का निकटतम मान होगा–

(पानी के वाष्पीकरण की गुप्त ऊष्मा = 2.10×10^6 J kg^{-1} और पानी के गलन की गुप्त ऊष्मा = 3.36×10^5 J kg^{-1})

(1) 130 g (2) 35 g

(3) 20 g (4) 150 g

31. यदि प्रत्येक द्रव्यमान 10^{-26} kg के 10^{22} गैस अणु 10^4 m/s की चाल से 1 m^2 क्षेत्रफल पर प्रति सेकण्ड प्रत्यास्थ संघट्ट कर रहे है, तब गैस अणुओं द्वारा लगाया गया दाब का कोटिमान होगा –

(1) 10^8 N/m^2 (2) 10^4 N/m^2

(3) 10^3 N/m^2 (4) 10^{16} N/m^2

32. 500 g द्रव्यमान से जुड़ी एक द्रव्यमान रहित स्प्रिंग (k = 800 N/m) को 1 kg पानी में पूर्णतया डुबाया गया है। स्प्रिंग को 2 cm लम्बाई से खींचकर छोड़ने पर दोलन आरम्भ हो जाते है। जब दोलन पूर्णतया रूक जाते हैं तब पानी के तापमान में बदलाव की कोटि होगी: (माना कि पानी के पात्र और स्प्रिंग को मिली ऊष्मा नगण्य है तथा द्रव्यमान की विशिष्ट ऊष्मा = 400 J/kg K, पानी की विशिष्ट ऊष्मा = 4184 J/kg K)

(1) 10^{-3}K (2) 10^{-4} K

(3) 10^{-1} K (4) 10^{-5}K

node06\B0BO-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

33. एक द्विपरमाणुक गैस A के अणुओं की विशिष्ट ऊष्मायें (J mol^{-1} K^{-1} की इकाई में) C_P तथा C_V क्रमशः 29 और 22 हैं। दूसरी द्विपरमाणुक गैस B के अणुओं के लिए संगत मान 30 और 21 है। यदि इन्हें आदर्श गैस माना जाये तो :-

(1) A में एक कम्पन विधा तथा B में दो कम्पन विधायें है।

(2) A और B दोनों में एक-एक कम्पन विधायें हैं

(3) A दृढ़ है किन्तु B में एक कम्पन विधा है।

(4) A में एक कम्पन विधा है किन्तु B में कोई कम्पन विधा नहीं है।

34. दिखाये गये चित्रानुसार '3K' तथा 'K' ऊष्मा चालकता गुणांक एवं, क्रमशः 'd' तथा '3d' मोटाई वाले दो पदार्थों को जोड़कर एक पट्टिका बनायी गयी है। उनके बाहरी सतहों के तापमान क्रमशः 'θ_2' और 'θ_1' हैं ($\theta_2 > \theta_1$)। अंतरपृष्ठ का तापमान हैं :-



(1) $\frac{\theta_2+\theta_1}{2}$ (2) $\frac{\theta_1}{10}+\frac{9\theta_2}{10}$

(3) $\frac{\theta_1}{3}+\frac{2\theta_2}{3}$ (4) $\frac{\theta_1}{6}+\frac{5\theta_2}{6}$

35. HCl अणु में घूर्णन, स्थानान्तरीय तथा कम्पन गतियाँ होती हैं। यदि HCl गैस के अणुओं का वर्ग माध्य मूल वेग $\bar{v}$ है, m इसका द्रव्यमान है, तो तापमान होगा : (k_B: बोलट्मान नियतांक)

(1) $\frac{m\bar{v}^2}{6k_B}$ (2) $\frac{m\bar{v}^2}{5k_B}$

(3) $\frac{m\bar{v}^2}{3k_B}$ (4) $\frac{m\bar{v}^2}{7k_B}$

36. दिये गये चित्र में दो प्रक्रियाओं A व B को एक गैस के लिये दिखाया है। यदि ΔQ_A व ΔQ_B इन प्रक्रियाओं के दौरान शोषित ऊष्माएँ तथा ΔU_A व ΔU_B गैस की आंतरिक ऊर्जा के परिवर्तन हैं, तो :



(1) $\Delta Q_A = \Delta Q_B$; $\Delta U_A = \Delta U_B$

(2) $\Delta Q_A > \Delta Q_B$; $\Delta U_A = \Delta U_B$

(3) $\Delta Q_A > \Delta Q_B$; $\Delta U_A > \Delta U_B$

(4) $\Delta Q_A < \Delta Q_B$; $\Delta U_A < \Delta U_B$

37. 1 atm दबाव तथा 127°C तापमान पर एक दी हुयी गैस के अणुओं का वर्ग माध्य मूल वेग 200 m/s है। इसी गैस के अणुओं का वर्ग माध्य मूल वेग 227°C तथा 2 atm दबाव पर होगा :

(1) 80 m/s (2) $100\sqrt{5}$ m/s

(3) $80\sqrt{5}$ m/s (4) 100 m/s

38. पीतल की प्रत्यास्थता सीमा 379 MPa है। 400 N बल को बिना प्रत्यास्थता सीमा पार किये सह सकने वाली पीतल की छड़ का न्यूनतम व्यास क्या होगा?

(1) 1.16 mm (2) 0.90 mm

(3) 1.36 mm (4) 1.00 mm

39. दृढ़ अणुओं वाली एक द्विपरमाणुक गैस को जब Q ऊष्मा नियत आयतन पर दी जाती है तो उसके तापमान में ΔT की वृद्धि होती है। इसी तापमान वृद्धि को नियत दाब पर सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक ऊष्मा होगी:

(1) $\frac{7}{5}Q$ (2) $\frac{3}{2}Q$ (3) $\frac{5}{3}Q$ (4) $\frac{2}{3}Q$

40. एक प्रयोग में, पीतल तथा स्टील के दो तारों का प्रयोग किया गया है जिसमें प्रत्येक की लम्बाई 1m तथा अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल 1 mm^2 है। इन तारों को श्रेणीक्रम में जोड़ते हैं तथा संयुक्त तार के एक सिरे को दृढ़ स्तम्भ से जोड़ते हैं एवं दूसरे सिरे को खींचा जाता है। 0.2 mm की कुल वृद्धि के लिये प्रतिबल का मान होगा :

(दिया है, स्टील तथा पीतल के यंग प्रत्यास्थता गुणांक, क्रमशः 120×10^9 N/m^2 तथा 60×10^9 N/m^2 है)

(1) 0.2×10^6 N/m^2 (2) 4.0×10^6 N/m^2

(3) 1.8×10^6 N/m^2 (4) 1.2×10^6 N/m^2

node06\B0B0-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

41. एक आदर्श गैस का एक मोल एक ऐसे प्रक्रम से गुजरता है जिसमें दाब तथा आयतन सूत्र $P = P_o\left[1-\frac{1}{2}\left(\frac{V_0}{V}\right)^2\right]$ से सम्बन्धित है। यहाँ P_o तथा V_o नियतांक है। यदि गैस का आयतन V_o से $2V_o$ होता है तो इसके तापमान का बदलाव होगा –

(1) $\frac{1}{2}\frac{P_oV_o}{R}$ (2) $\frac{3}{4}\frac{P_oV_o}{R}$

(3) $\frac{5}{4}\frac{P_oV_o}{R}$ (4) $\frac{1}{4}\frac{P_oV_o}{R}$

42. एक नियत आयतन 67.2 ली. के सिलेंडर में मानक तापमान एवं दबाव (STP) पर हीलियम गैस भरी है। गैस का तापमान 20°C से बढ़ाने के लिए आवश्यक ऊष्मा होगी :

[दिया है R = 8.31 J mol^{-1} K^{-1}]

(1) 748 J (2) 374 J (3) 350 J (4) 700 J

43. एक 25×10^{-3} m^3 आयतन के सिलेंडर में 1 mol O_2 गैस कक्षीय तापमान (300K) पर भरी है। O_2 के आण्विक व्यास तथा वर्ग माध्य मूल वेग के मान क्रमशः 0.3 nm तथा 200 m/s पाये जाते है। किसी O_2 अणु के संघटट् दर का मान (प्रति सेकण्ड) क्या होगा ?

(1) ~10^{11} (2) ~10^{13}

(3) ~10^{10} (4) ~10^{12}

44. एक नियत आयतन ऊष्मा धारिता C_V की आदर्श गैस के n मोल का समदाबीय प्रसार किसी आयतन से होता है। प्रक्रिया में किये गये कार्य का दी गई ऊष्मा से अनुपात है:

(1) $\frac{4nR}{C_V - nR}$ (2) $\frac{nR}{C_V - nR}$

(3) $\frac{nR}{C_V + nR}$ (4) $\frac{4nR}{C_V + nR}$

45. माध्य प्रतिरोध (तापमान औसत) 20Ω की एक विद्युत केतली में 20°C के 1 kg पानी को उबालते हैं। विद्युत आपूर्ति की rms वोल्टता 200 V है। केतली से ऊष्मा हानि को नगण्य मानते हुए, पानी को पूर्णतया वाष्पित होने में लगभग समय लगेगा:

[पानी की विशिष्ट ऊष्मा = 4200 J/kg °C), पानी की गुप्त ऊष्मा = 2260 kJ/kg]

(1) 3 मिनट

(2) 22 मिनट

(3) 10 मिनट

(4) 16 मिनट

46. एक गैस के अणुओं का संख्या घनत्व मूल बिन्दु से दूरी r पर निम्न ढंग से निर्भर है, $n(r) = n_0e^{-\alpha r^4}$ । तो इस गैस के अणुओं की कुल संख्या किसके समानुपाती होगी:

(1) $n_0\alpha^{1/4}$ (2) $n_0\alpha^{-3}$

(3) $n_0\alpha^{-3/4}$ (4) $\sqrt{n_0}\,\alpha^{1/2}$

47. एक कार्नो इंजन की क्षमता 1/6 है। जब ऊष्मा कुण्ड (sink) का तापमान 62°C कम किया जाता है तो क्षमता दोगुनी हो जाती है। ऊष्मा स्त्रोत तथा कुण्ड के, क्रमशः तापमान होंगे :

(1) 124°C, 62°C

(2) 37°C, 99°C

(3) 62°C, 124°C

(4) 99°C, 37°C

48. एक दृढ़ अणुओं वाली द्विपरमाणुक गैस का जब नियत दाब पर प्रसार होता है तो वह 10 J कार्य करती है। इस प्रक्रम में गैस द्वारा अवशोषित ऊष्मा का मान होगा ?

(1) 35 J (2) 40 J

(3) 25 J (4) 30 J

node06\B0BC-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

49. लम्बई L तथा त्रिज्या r की एकसमान बेलनाकार छड़ का यंग प्रत्यास्थता गुणांक Y है। जब इस छड़ का तापमान T से बढ़ाते हैं तथा उस पर कुल अनुदैर्ध्य संपीडन बल F लगाते हैं, तो उसकी लम्बाई अपरिवर्तित रहती है। छड़ के पदार्थ के आयतन प्रसार गुणांक का लगभग मान होगा:

(1) $F/(3\pi r^2YT)$ (2) $3F/(\pi r^2YT)$

(3) $6F/(\pi r^2YT)$ (4) $9F/(\pi r^2YT)$

50. $-10°C$ तापमान के M_1 ग्राम बर्फ (विशिष्ट ऊष्मा = 0.5 cal $g^{-1}°C^{-1}$) को, $50°C$ तापमान के M_2 ग्राम जल में डालने पर, पूरी बर्फ पिघल जाती है और जल का तापमान $0°C$ हो जाता है, तो बर्फ की गुप्त ऊष्मा का मान cal g^{-1} में है :

(1) $\frac{5M_1}{M_2}-50$ (2) $\frac{50M_2}{M_1}$

(3) $\frac{50M_2}{M_1}-5$ (4) $\frac{5M_2}{M_1}-5$

51. हीलियम गैस के दो मोल को, हाइड्रोजन के तीन मोल अणुओं (जो कि दृढ़ माने गये हैं) के साथ मिलाया जाता है। स्थिर आयतन पर इस मिश्रण की मोलर विशिष्ट ऊष्मा क्या होगी ? (R = 8.3 J/mol K)

(1) 21.6 J/mol K (2) 19.7 J/mol K

(3) 17.4 J/mol K (4) 15.7 J/mol K

52. 40ºC तापमान पर 1 mm त्रिज्या का पीतल का एक तार छत से लटकाया गया है। तार के मुक्त सिरे से M द्रव्यमान के एक छोटे पिण्ड को लटकाया गया है। जब तार को 40ºC से 20ºC पर ठंडा करते हैं तो वह वापस अपनी पुरानी लंबाई 0.2 m को प्राप्त कर लेता है। M का निकटतम मान होगा :

(पीतल का रेखीय प्रसार गुणांक तथा यंग प्रत्यास्था गुणांक क्रमशः है $10^{-5}/°C$ तथा 10^{11} N/m^2, एवं ; g = 10 ms^{-2})

(1) 1.5 kg (2) 9 kg

(3) 0.9 kg (4) 0.5 kg

53. एक आदर्श गैस को, चित्र में दर्शाये गये अनुसार चक्रीय प्रक्रम abca से गुजारा जाता है। ca पथ के अनुदिश गैस की आन्तरिक ऊर्जा में परिवर्तन –180J है। ab पथ के अनुदिश, गैस 250 J ऊष्मा अवशोषित करती है तथा bc पथ के अनुदिश, गैस 60 J ऊष्मा अवशोषित करती है तो, पथ abc के अनुदिश, गैस द्वारा किया गया कार्य है :



(1) 100 J (2) 120 J

(3) 140 J (4) 130 J

KINEMATICS

1. एक त्रिविमीय निर्देशांक निकाय में गतिशील एक कण के स्थिति निर्देशांक निम्न है :

$x = a\cos\omega t$

$y = a\sin\omega t$

तथा $z = a\omega t$

इस कण की गति का मान होगा :

(1) $a\omega$ (2) $\sqrt{3}\,a\omega$

(3) $\sqrt{2}\,a\omega$ (4) $2a\omega$

2. एक सीधी सड़क पर कारों की एक स्पर्धा में, कार A को कार B की अपेक्षा अंत तक पहुँचने में t समय कम लगता है तथा अन्त बिन्दु पर उसकी गति कार B से v अधिक होती है। दोनों कारें स्थिरावस्था से नियत त्वरण a_1 तथा a_2 से चलती है। 'v' का मान होगा :

(1) $\frac{a_1+a_2}{2}t$ (2) $\sqrt{2a_1a_2}\,t$

(3) $\frac{2a_1a_2}{a_1+a_2}t$ (4) $\sqrt{a_1a_2}\,t$

node06\B0B0-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

3. एक कण वेग $\vec{v} = K\left(y\hat{i} + x\hat{j}\right)$ से गतिशील है, जहाँ K नियतांक है। इसके पथ की व्यापक समीकरण है।

(1) xy = नियतांक

(2) $y^2 = x^2$ + नियतांक

(3) $y = x^2$ + नियतांक

(4) $y^2 = x$ + नियतांक

4. एक कण समय t = 0 पर मूल बिन्दु से प्रारंभ होकर धनात्मक x-अक्ष के अनुदिश गति करता है। समय के सापेक्ष वेग का आरेख चित्रानुसार है। समय t = 5s पर कण की स्थिति क्या है ?



(1) 6 m (2) 9 m (3) 3 m (4) 10 m

5. दो बन्दूकों A तथा B द्वारा आरम्भिक चालों क्रमशः 1 km/s तथा 2 km/s से गोली चलायी जा सकती है। क्षैतिज भूमि के किसी बिन्दु से सभी सम्भव दिशाओं मे इनको चलाया जाता है। दोनों बन्दूकों द्वारा दागी गई गोलियों से भूमि पर छादित अधिकतम क्षेत्रफलों का अनुपात है :

(1) 1 : 2 (2) 1 : 4 (3) 1 : 8 (4) 1 : 16

6. समय t = 0 पर एक कण बिन्दु $\left(2.0\hat{i} + 4.0\hat{j}\right)$ m से, आरम्भिक वेग $\left(5.0\hat{i} + 4.0\hat{j}\right)$ ms^{-1} से, गतिशील है। यह एक स्थिर त्वरण $\left(4.0\hat{i} + 4.0\hat{j}\right)ms^{-2}$ उत्पन्न करने वाले एक स्थिर बल के प्रभाव में चलता है। समय 2 s पर कण की मूल बिन्दु से दूरी क्या होगी ?

(1) $20\sqrt{2}$ m (2) $10\sqrt{2}$ m

(3) 5 m (4) 15 m

7. एक 60m लम्बी यात्री गाड़ी 80 km/hr की गति से चल रही है। 120 m लम्बाई की और एक माल गाड़ी 30 km/hr से चल रही है। ऐसे समयों का अनुपात जो यात्री गाड़ी को मालगाड़ी को पार करने में लगेंगे जब (i) गाड़ियाँ एक ही दिशा में जा रही हैं, और (ii) गाड़ियाँ विरोधी दिशाओं में जा रही हैं, होगा:-

(1) $\frac{5}{2}$ (2) $\frac{25}{11}$ (3) $\frac{3}{2}$ (4) $\frac{11}{5}$

8. एक कण स्थिरावस्था से एक धनात्मक x-अक्ष की दिशा में मूलबिंदु O से नियत त्वरण से चलता है। वह सभी चित्र ज्ञात कीजिये जो इस कण की गति को गुणात्मक रूप में सही दर्शाते हैं। (a = त्वरण, v = वेग, x = विस्थापन, t = समय)

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

(1) (A), (B), (C) (2) (A)

(3) (A), (B), (D) (4) (B), (C)

9. जहाज A वेग $\vec{v} = 30\hat{i} + 50\hat{j}$ km/hr से उत्तर-पूर्व दिशा में जलयात्रा कर रहा है जहाँ $\hat{i}$ पूर्व तथा $\hat{j}$ उत्तर की ओर इंगित है। जहाज B, जहाज A से 80 km पूर्व की ओर 150 km उत्तर की ओर, दूरी पर स्थित है और पश्चिम की ओर 10 km/hr की चाल से जलयात्रा कर रहा है। A से B की दूरी न्यूनतम होगी -

(1) 4.2 घंटे में (2) 2.2 घंटे में

(3) 3.2 घंटे में (4) 2.6 घंटे में

node06\B0BO-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

10. एक कण की स्थिति समय t के फलन में निम्न हैं
$x(t) = at + bt^2 - ct^3$
जहाँ a, b तथा c नियतांक हैं। जब कण का त्वरण शून्य है, तब उसका वेग होगा :

(1) $a + \frac{b^2}{4c}$ (2) $a + \frac{b^2}{c}$

(3) $a + \frac{b^2}{2c}$ (4) $a + \frac{b^2}{3c}$

11. एक कण का स्थिति-सदिश समय के साथ निम्न सूत्र से बदलता है, $\vec{r}(t) = 15t^2\hat{i} + (4 - 20t^2)\hat{j}$ t = 1 पर कण के त्वरण का परिमाण होगा ?

(1) 40 (2) 100
(3) 25 (4) 50

12. एक गेंद को ऊपर की ओर ऊर्ध्वाधर (मानो +z-axis) दिशा में फेंका जाता है। इसका सही संवेग-ऊँचाई (p-h) चित्र होगा:

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

13. एक समतल क्षैतिज से $\alpha = 30°$ का कोण बनाता है। एक कण को इस समतल के आधार से गति $u = 2\ ms^{-1}$ से समतल से $\theta = 15°$ के कोण पर चित्रानुसार प्रक्षेपित किया जाता है। उस बिन्दु, जहाँ कण समतल पर गिरता है, की आधार से दूरी का सन्निकट मान होगा: (Take $g = 10\ ms^{-2}$)



(1) 14 cm (2) 20 cm
(3) 18 cm (4) 26 cm

14. एक कण चाल $v = b\sqrt{x}$ से धनात्मक x-अक्ष की दिशा में चल रहा है। समय $t = \tau$ पर कण की चाल होगी (माना कि t = 0 पर कण मूल बिन्दु पर है।)

(1) $\frac{b^2\tau}{4}$ (2) $\frac{b^2\tau}{2}$

(3) $b^2\tau$ (4) $\frac{b^2\tau}{\sqrt{2}}$

15. दो कणों को एक ही बिन्दु से एक ही चाल u से प्रक्षेपित किया जाता है जिससे उनकी परास R बराबर हैं किन्तु अधिकतम ऊँचाईयाँ h_1 तथा h_2 भिन्न हैं। निम्न में सत्य कथन चुनिये ?

(1) $R^2 = 2\ h_1h_2$ (2) $R^2 = 16h_1h_2$
(3) $R^2 = 4\ h_1h_2$ (4) $R^2 = h_1h_2$

16. किसी प्रक्षेप्य के प्रक्षेप-पथ को, भू पृष्ठ पर $y = 2x - 9x^2$ से निरूपित किया जाता है। यदि, इसे v_0 चाल द्वारा θ_0 कोण पर प्रमोचित किया गया होता तो,
$(g = 10\ ms^{-2})$:

(1) $\theta_0 = \cos^{-1}\left(\frac{1}{\sqrt{5}}\right)$ and $v_0 = \frac{5}{3}ms^{-1}$

(2) $\theta_0 = \sin^{-1}\left(\frac{1}{\sqrt{5}}\right)$ and $v_0 = \frac{5}{3}ms^{-1}$

(3) $\theta_0 = \sin^{-1}\left(\frac{2}{\sqrt{5}}\right)$ and $v_0 = \frac{3}{5}ms^{-1}$

(4) $\theta_0 = \cos^{-1}\left(\frac{2}{\sqrt{5}}\right)$ and $v_0 = \frac{3}{5}ms^{-1}$

node06\B0B0-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

17. किसी स्थिर तोप से एक गोला, प्रारंभिक चाल u से ऐसे कोण पर, दागा जाता है कि गोला भूतल पर अपने लक्ष्य पर की तोप से दूरी R है। यदि गोले द्वारा लक्ष्य पर लगने के दो संभव मार्ग हैं, और इन में लगे समय क्रमशः t_1 तथा t_2 है। तो गुणनफल t_1t_2 होगा :

(1) R/g (2) R/4g

(3) 2R/g (4) R/2g

MEC

1. लम्बाई L के दो एकसमान चालक तारों में से एक को वृत्ताकार वलय की आकृति में लाया जाता है तथा दूसरे को N एकसमान फेरों की वृत्ताकार कुंडली में मोड़ा जाता है। यदि दोनों से एक ही धारा प्रवाहित की जाती है, तो वलय तथा कुण्डली के केन्द्रों पर उपस्थित चुम्बकीय क्षेत्र, क्रमशः B_L तथा B_C हों, तब अनुपात $\frac{B_L}{B_C}$ होगा

(1) $\frac{1}{N}$ (2) N^2

(3) $\frac{1}{N^2}$ (4) N

2. एक कण, जिसका आवेश इलेक्ट्रॉन के आवेश के समान है, 0.5 T चुम्बकीय क्षेत्र में एक 0.5 cm त्रिज्या के वृत्ताकार पथ पर चलता है। यदि 100 V/m का विद्युत क्षेत्र लगाने पर यह कण एक सीधी रेखा में चलता है, तो कण का द्रव्यमान होगा :

(दिया है इलेक्ट्रॉन का आवेश = 1.6×10^{-19}C)

(1) 2.0×10^{-24} kg

(2) 1.6×10^{-19} kg

(3) 1.6×10^{-27} kg

(4) 9.1×10^{-31} kg

3. एक छड़ चुम्बक को लम्बाई 0.2 m, 100 घेरों तथा 5.2 A धारा वाली एक परिनालिका में प्रविष्ट कराकर विचुम्बकित किया जाता है। छड़ चुम्बक की निग्राहिता है :

(1) 1200 A/m (2) 2600 A/m

(3) 520 A/jm (4) 285 A/m

4. एक अनन्त रूप से लम्बा धारावाही तार तथा एक अल्प धारावाही लूप को कागज के तल में दर्शाया गया है। लूप की त्रिज्या a तथा तार से इसके केन्द्र की दूरी d (d » a) है। यदि तार पर लूप द्वारा लगाया गया बल F है तो :



(1) $F \propto \left(\frac{a^2}{d^3}\right)$ (2) $F \propto \left(\frac{a}{d}\right)$

(3) $F \propto \left(\frac{a}{d}\right)^2$ (4) F = 0

5. पृथ्वी पर किसी स्थान पर पृथ्वी के चुम्बकीय क्षेत्र का क्षैतिज घटक 18×10^{-6} T है। इस स्थान पर लम्बाई 0.12 m तथा ध्रुव सामर्थ्य 1.8 Am वाली चुम्बकीय सुई को इसके मध्य बिन्दु से धागे की सहायता से लटकाया गया है। यह साम्यावस्था में क्षैतिज के साथ 45° कोण बनाती है। इस सुई को क्षैतिज रखने के लिए इसके किसी एक सिरे पर आरोपित ऊर्ध्वाधर बल का मान होना चाहिये:-

(1) 3.6×10^{-5} N

(2) 6.5×10^{-5} N

(3) 1.3×10^{-5} N

(4) 1.8×10^{-5} N

6. एक स्थायी चुम्बकीय पदार्थ से बनी एक छिद्र युक्त चकती (हूप) तथा ठोस बेलन के द्रव्यमान तथा त्रिज्या समान है तथा इनके चुम्बकीय आघूर्ण उनके संगत अक्षों के समान्तर है। परन्तु हूप का चुम्बकीय आघूर्ण ठोस बेलन के चुम्बकीय आघूर्ण से दुगुना है। ये समरूप चुम्बकीय क्षेत्र में इस प्रकार रखे जाते हैं कि उनका चुम्बकीय आघूर्ण क्षेत्र के साथ अल्प कोण बनाता है। यदि हूप तथा बेलन के दोलनकाल क्रमशः T_h तथा T_c है तो :-

(1) $T_h = 0.5\ T_c$

(2) $T_h = 2\ T_c$

(3) $T_h = 1.5\ T_c$

(4) $T_h = T_c$

node06\B0BO-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

7. $10^{-2}\,\hat{i}$ A-m^2 चुम्बकीय आघूर्ण वाले एक चुम्बक को समय के साथ $B\,\hat{i}\,(\cos\omega t)$ के अनुसार बदलते हुये एक चुम्बकीय क्षेत्र में रखते हैं। यहाँ B = 1 Tesla तथा $\omega = 0.125$ rad/s हैं। t = 1 पर चुम्बकीय आघूर्ण की दिशा को विपरीत करने में किया गया कार्य होगा :

(1) 0.007 J

(2) 0.014 J

(3) 0.01 J

(4) 0.028 J

8. लम्बाई ℓ की एक पतली रोधी छड़ पर रेखीय आवेश घनत्व $p(x) = \rho_0 \frac{x}{\ell}$ है। इस छड़ को मूलबिन्दु (x = 0) से जाने वाली तथा छड़ के लम्बवत् एक अक्ष के परित: n चक्कर प्रति सेकण्ड से घुमाया जाता है। इस छड़ का कालिक माध्य चुम्बकीय आघूर्ण होगा :

(1) $\frac{\pi}{4}n\rho\ell^3$ (2) $n\rho\ell^3$

(3) $\pi n\rho\ell^3$ (4) $\frac{\pi}{3}n\rho\ell^3$

9. 1 cm भुजा के घनरूपी अनुचुम्बकीय पदार्थ पर, चुम्बकीय तीव्रता 60×10^3 A/m लगाने पर उसका चुम्बकीय द्विध्रुव आघूर्ण 20×10^{-6} J/T होता है। इसकी चुम्बकीय प्रवृत्ति है :

(1) 2.3×10^{-2}

(2) 3.3×10^{-2}

(3) 3.3×10^{-4}

(4) 4.3×10^{-2}

10. एक धारामापी जिसका प्रतिरोध 20 Ω है तथा दोनों और 30 भाग हैं, की धारा सुग्राहिता 0.005 एम्पियर/भाग है। कितना प्रतिरोध श्रेणीबद्ध क्रम में लगाये कि, इसको 15 V तक के एक वोल्टमीटर के रूप में प्रयोग किया जा सके ?

(1) 80 Ω (2) 120 Ω

(3) 125 Ω (4) 100 Ω

11. y = 0 तथा y = d के बीच के क्षेत्र में एक समान चुम्बकीय क्षेत्र $\vec{B} = B\hat{z}$ विद्यमान है। द्रव्यमान m तथा आवेश q का एक कण, वेग $\vec{v} = v\hat{i}$ से इस क्षेत्र में प्रवेश करता है। यदि $d = \frac{mv}{2qB}$ है, तो दूसरी ओर से बाहर निकलने वाले बिन्दु पर, आवेशित कण का त्वरण होगा :-

(1) $\frac{qvB}{m}\left(\frac{\hat{i}+\hat{j}}{\sqrt{2}}\right)$

(2) $\frac{qvB}{m}\left(\frac{1}{2}\hat{i}-\frac{\sqrt{3}}{\sqrt{2}}\hat{j}\right)$

(3) $\frac{qvB}{m}\left(\frac{-\hat{j}+\hat{i}}{\sqrt{2}}\right)$

(4) $\frac{qvB}{m}\left(\frac{\sqrt{3}}{2}\hat{i}+\frac{1}{2}\hat{j}\right)$

12. द्रव्यमान m तथा आवेश q का एक कण

$\vec{E} = 2\hat{i}+3\hat{j}$; $\vec{B} = 4\hat{j}+6\hat{k}$.

द्वारा दिये गये विद्युत एवं चुम्बकीय क्षेत्र में है। इस आवेश को मूलबिन्दु से बिन्दु P(x = 1 ; y = 1) तक एक सीधी रेखा के पथ के अनुगत विस्थापित करते हैं। किये गये कुल कार्य का परिमाण है :-

(1) (0.35)q (2) (0.15)q

(3) (2.5)q (4) 5q

13. समान लम्बाई *l* की दो लम्बी सम-अक्षीय परिनालिकाये हैं। आन्तरिक एवं बाह्य कुण्डलियों की त्रिज्यायें क्रमश: r_1 तथा r_2 है और प्रति इकाई लम्बाई फेरों की संख्या क्रमश: n_1 तथा n_2 है। आन्तरिक कुण्डलों के अन्योन्य प्रेरकत्व तथा स्वप्रेकरत्व का अनुपात होगा :-

(1) $\frac{n_2}{n_1}\cdot\frac{r_2^2}{r_1^2}$ (2) $\frac{n_2}{n_1}\cdot\frac{r_1}{r_2}$ (3) $\frac{n_1}{n_2}$ (4) $\frac{n_2}{n_1}$

node06\B0B0-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

14. एक प्रयोग में इलेक्ट्रॉनों को विराम अवस्था से 500 V वोल्टेज लगाकर त्वरित करते हैं। पथ की त्रिज्या ज्ञात कीजिए यदि लगाया गया चुम्बकीय क्षेत्र 100 mT है।

[इलेक्ट्रॉन का आवेश = 1.6×10^{-19} C

इलेक्ट्रॉन का द्रव्यमान = 9.1×10^{-31} kg]

(1) 7.5×10^{-4} m

(2) 7.5×10^{-3} m

(3) 7.5 m

(4) 7.5×10^{-2} m

15. एक अनुचुम्बकीय पदार्थ में 10^{28} परमाणु प्रति घन मीटर विद्यमान है। तापमान 350 K पर इसकी चुम्बकीय प्रवृत्ति 2.8×10^{-4} हो तो 300 K पर इसका मान होगा :

(1) 3.672×10^{-4}

(2) 3.726×10^{-4}

(3) 3.267×10^{-4}

(4) 2.672×10^{-4}

16. 10 m लम्बा क्षैतिज तार उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम तक विद्यमान है। यह पृथ्वी के चुम्बकीय क्षेत्र के क्षैतिज घटक 0.3×10^{-4} Wb/m^2 के लम्बवत् 5.0ms^{-1} चाल से गिर रहा है। तार में प्रेरित विद्युत वाहक बल का मान है :

(1) 2.5×10^{-3}V

(2) 1.1×10^{-3}V

(3) 0.3×10^{-3}V

(4) 1.5×10^{-3}V

17. विभवान्तर V से एक प्रोटॉन तथा एक α-कण (जिनके द्रव्यमान का अनुपात 1:4 तथा आवेशों का अनुपात 1:2 है) को स्थिरावस्था से त्वरित करते हैं। यदि उनके वेगों के लम्बवत् एक एकसमान चुम्बकीय क्षेत्र (B) लगाया जाये तो इन कणों के वृत्ताकार पथों की त्रिज्याओं का अनुपात $r_p : r_\alpha$ होगा:-

(1) $1:\sqrt{2}$ (2) 1 : 2

(3) 1 : 3 (4) $1:\sqrt{3}$

18. दो अनन्त लम्बाई के समरूप तारों को 90° से मोड़कर चित्रानुसार इस तरह रखा है कि उनके LP तथा QM भाग x-अक्ष पर हैं तथा PS व QN भाग y-अक्ष के समान्तर हैं। यदि OP = OQ = 4cm, O पर चुम्बकीय क्षेत्र का मान 10^{-4} T है तथा दोनों तारों में बराबर धारा (चित्रानुसार) बह रही है तो प्रत्येक तार में धारा का मान तथा बिन्दु O पर चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा होगी:-

($\mu_0 = 4\pi \times 10^{-7}$ NA^{-2}) :



(1) 40 A, पेज के लम्बवत अंदर की ओर

(2) 40 A, पेज के लम्बवत बाहर की ओर

(3) 20 A, पेज के लम्बवत बाहर की ओर

(4) 20 A, पेज के लम्बवत अंदर की ओर

19. दो बहुत लम्बे, सीधे तथा विद्युत रोधी तारों को एक दूसरे से 90° कोण पर चित्रानुसार xy-समतल में रखा है। तारों में एकसमान धारा I, चित्र में दिखायी दिशा में, बह रही है। बिन्दु P पर परिणामी चुम्बकीय क्षेत्र होगा :



(1) शून्य (2) $\frac{+\mu_0 I}{\pi d}(\hat{z})$

(3) $-\frac{\mu_0 I}{2\pi d}(\hat{x}+\hat{y})$ (4) $\frac{\mu_0 I}{2\pi d}(\hat{x}+\hat{y})$

node06\B0BO-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

20. दो चुम्बकीय द्विध्रुवों X तथा Y को चित्रानुसार d दूरी पर, उनके अक्षों को परस्पर लम्बवत् करके, रखा है। Y का द्विध्रुव आघूर्ण X का दो गुना है। q आवेश का एक कण इन दोनों के ठीक मध्य बिंदु P से क्षैतिज रेखा से $\theta = 45°$ के कोण पर, चित्रानुसार, गुजरता है। इस क्षण पर कण पर एक लगे बल का परिमाण क्या होगा ? (दिया है : d द्विध्रुव के आकार (dimensions) से अत्यधिक बड़ा है)



(1) $\sqrt{2}\left(\frac{\mu_0}{4\pi}\right)\frac{M}{(d/2)^3}\times qv$ (2) $\left(\frac{\mu_0}{4\pi}\right)\frac{2M}{(d/2)^3}\times qv$

(3) $\left(\frac{\mu_0}{4\pi}\right)\frac{M}{(d/2)^3}\times qv$ (4) 0

21. त्रिज्या r ओर चक्कर N वाली एक वृत्तीय कुण्डली में धारा I प्रवाहित हो रही है। इसे चुम्बकीय क्षेत्र $B\hat{i}$ में XZ समतल में रखा जाता है। चुम्बकीय क्षेत्र के कारण कुण्डली पर बलआघूर्ण होगा –

(1) $B\pi r^2IN$ (2) $\frac{Br^2I}{\pi N}$

(3) Zero (4) $\frac{B\pi r^2I}{N}$

22. दो कुण्डलियाँ 'P' तथा 'Q' कुछ दूरी पर रखी हैं। जब कुण्डली 'P' में 3 A की धारा प्रवाहित होती है तो कुण्डली 'Q' से 10^{-3} Wb का चुम्बकीय फ्लक्स गुजरता है। 'Q' में कोई धारा नहीं है। जब 'P' में कोई धारा नहीं है तथा 'Q' से 2A धारा प्रवाहित होती है, तो 'P' से गुजरने वाला फ्लक्स होगा :-

(1) 6.67×10^{-3} Wb

(2) 6.67×10^{-4} Wb

(3) 3.67×10^{-4} Wb

(4) 3.67×10^{-3} Wb

23. एक चल कुण्डली धारामापी में 175 फेरों वाली तथा 1 cm^2 क्षेत्रफल की एक कुण्डली लगी है। इसमें मरोड़ांक 10^{-6} N-m/rad वाले एक मरोड़ बैण्ड का प्रयोग होता है। इस कुण्डली को एक चुम्बकीय क्षेत्र B में रखते हैं जो कि इसके समतल के समान्तर है। 1mA धारा के लिये कुण्डली में विक्षेप 1° है। B का मान (टेस्ला में) लगभग हैं :-

(1) 10^{-3} (2) 10^{-1}

(3) 10^{-4} (4) 10^{-2}

24. एक नदी की धारा 2km/h की गति से बह रही है। एक तैराक 4km/h की गति से तैर सकता है। तैराक का नदी के प्रति तैरने की वह दिशा, जिससे वह नदी को सीधा पार कर सके, क्या होगी ?

(1) 60° (2) 150°

(3) 90° (4) 120°

25. भुजा 'a' वाला एक दृढ़ वर्गाकार वलय, जिसमें धारा I_2 है, एक क्षैतिज समतल पर रखा है। इस समतल पर धारा I_1 वाला एक तार चित्रानुसार रखा गया है। तार द्वारा इस वलय पर लगा कुल बल होगा :



(1) आकर्षक एवं $\frac{\mu_0 I_1 I_2}{3\pi}$ के बराबर

(2) प्रतिकर्षक एवं $\frac{\mu_0 I_1 I_2}{4\pi}$ के बराबर

(3) प्रतिकर्षक एवं $\frac{\mu_0 I_1 I_2}{2\pi}$ के बराबर

(4) शून्य

node06\B0B0-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

26. एक 100 फेरे वाली आयताकार (5 cm × 2.5 cm) कुंडली में 3 A की धारा घड़ी की सुई की दिशा में बह रही है। इस कुंडली को मूल बिन्दू पर केन्द्रित करके X-Z समतल में रखा गया है। 1 T का चुम्बकीय क्षेत्र X-अक्ष की दिशा में है। यदि कुंडली को Z-अक्ष के परित: 45° से घुमाते हैं, तो इस पर लगा बल आघूर्ण होगा:

(1) 0.55 Nm

(2) 0.27 Nm

(3) 0.38 Nm

(4) 0.42 Nm

27. 1m भुजा वाले एक समबाहु त्रिभुजाकार वलय में 10 A धारा प्रवाहित होती है। इसके केन्द्र पर चुम्बकीय क्षेत्र के परिमाण का मान होगा :

(1) 18 μT (2) 3 μT

(3) 1 μT (4) 9 μT

28. एक वर्गाकार वलय में धारा I प्रवाहित करने पर इसके चुम्बकीय द्विध्रुव आघूर्ण का परिमाण m होता है। यदि इस वर्गाकार वलय को मोड़कर एक वृत्ताकार वलय में परिवर्तित किया जाये और उसमें वही धारा प्रवाहित की जाए तो इस वृत्ताकार वलय के चुम्बकीय द्विध्रुव आघूर्ण का परिमाण होगा :

(1) $\frac{3m}{\pi}$ (2) $\frac{4m}{\pi}$

(3) $\frac{2m}{\pi}$ (4) $\frac{m}{\pi}$

29. सूत्र $X = 5YZ^2$ में, X तथा Z की विमायें, क्रमश: धारिता तथा चुम्बकीय क्षेत्र है। SI इकाई में Y की विमा क्या होगी ?

(1) $[M^{-2} L^{-2} T^6 A^3]$

(2) $[M^{-1} L^{-2} T^4 A^2]$

(3) $[M^{-3} L^{-2} T^8 A^4]$

(4) $[M^{-2} L^0 T^{-4} A^{-2}]$

30. 5A धारा के एक सीधे तार के 6 cm लम्बे खण्ड AB के कारण, (चित्रानुसार), बिन्दु P पर चुम्बकीय क्षेत्र ज्ञात कीजिये। ($\mu_0 = 4\pi \times 10^{-7}$ N-A^{-2})



(1) 3.0×10^{-5} T (2) 2.5×10^{-5} T

(3) 2.0×10^{-5} T (4) 1.5×10^{-5} T

31. 100 eV ऊर्जा का एक इलेक्ट्रॉन जो x-अक्ष के अनुदिश गतिमान है, $\vec{B} = (1.5 \times 10^{-3} T)\hat{k}$ के चुम्बकीय क्षेत्र में बिन्दु S पर प्रवेश करता है (चित्र देखिये)। चुम्बकीय क्षेत्र x = 0 से x = 2 cm तक विस्तृत है। बिन्दु S से 8 cm दूरी पर स्थित पर्दे पर इलेक्ट्रॉन का संसूचन बिन्दु Q पर होता है। बिन्दु P तथा Q के बीच की दूरी d (पर्दे पर) का मान होगा :

(इलेक्ट्रॉन का आवेश = 1.6×10^{-19} C,

इलेक्ट्रॉन का द्रव्यमान = 9.1×10^{-31} kg)



(1) 12.87 cm (2) 1.22 cm

(3) 11.65 cm (4) 2.25 cm

node06\B0BO-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

32. 10 cm त्रिज्या की एक रिंग पर आवेश एकसमान रूप से वितरित है। यह रिंग, 40 π rad s^{-1} की एकसमान दर से अपने अक्ष के परित: घूर्णन कर रही है। जो रिंग के समतल के लम्बवत् है। यदि इसके केन्द्र पर चुम्बकीय क्षेत्र 3.8×10^{-9} T है तो, रिंग पर आवेश लगभग होगा : ($\mu_0 = 4\pi \times 10^{-7}$ N/A^2) :

(1) 2×10^{-6} C (2) 3×10^{-5} C

(3) 4×10^{-5} C (4) 7×10^{-6} C

33. दो स्थानों पर नमन कोणों का मान क्रमश: 45° तथा 30° है। इन स्थानों पर एक चुम्बकीय सुई एक मिनट में क्रमश: 30 तथा 40 दोलन करती है। यदि, इन दो स्थानों पर पृथ्वी के कुल चुम्बकीय क्षेत्र की तीव्रता क्रमश: B_1 तथा B_2 हैं तो, अनुपात B_1/B_2 का निकटतम मान होगा :

(1) 2.2 (2) 1.8 (3) 0.7 (4) 3.6

MODERN PHYSICS

1. दिये गये एक क्षण, t = 0 पर दो रेडियोधर्मी पदार्थों A तथा B, की सक्रियता बराबर है। समय t के पश्चात्, इनकी सक्रियता का अनुपात $\frac{R_B}{R_A}$ समय t के साथ e^{-3t} के अनुसार घटता है। यदि A की अर्धआयु $\ell n2$ है, तो B की अर्धआयु होगी :

(1) $\frac{l\,n\,2}{2}$ (2) $2ln2$

(3) $\frac{l\,n\,2}{4}$ (4) $4ln2$

2. मूलबिन्दु पर एक प्रकाशीय तरंग के संगत चुम्बकीय क्षेत्र निम्न है :

$B = B_0 [\sin(3.14 \times 10^7)ct + \sin(6.28 \times 10^7)ct]$.

यदि यह प्रकाश एक चाँदी की प्लेट, जिसका कार्य फलन 4.7 eV है, पर पड़ता है तो इससे उत्सर्जित फोटोइलैक्ट्रॉनों की अधिकतम गतिज ऊर्जा क्या होगी ?

(दिया है : $c = 3 \times 10^8 ms^{-1}$, $h = 6.6 \times 10^{-34}$ J-s)

(1) 7.72 eV (2) 8.52 eV

(3) 12.5 eV (4) 6.82 eV

3. एक रेडियोसक्रिय पदार्थ A के नमूने की सक्रियता 10mCi(1 Ci = 3.7×10^{10} decays/s) है तथा इसके नाभिकों की संख्या एक अन्य रेडियोसक्रिय पदार्थ B जिसकी सक्रियता 20mCi है, के नमूने के नाभिकों की संख्या से दुगुनी है। A तथा B की अर्द्धआयु के संदर्भ में सही विकल्प चुनिये :

(1) 20 दिन तथा 5 दिन

(2) 20 दिन तथा 10 दिन

(3) 5 दिन तथा 10 दिन

(4) 10 दिन तथा 40 दिन

4. किसी धातु की सतह को पहले तरंगदैर्ध्य $\lambda_1 = 350$ nm वाले प्रकाश से प्रकाशित किया जाता है तथा फिर $\lambda_2 = 540$ nm तरंगदैर्ध्य वाले प्रकाश से प्रकाशित किया जाता है। यह देखा गया है कि दोनों प्रकरणों में फोटो इलेक्ट्रोनों की अधिकतम चाल में 2 गुना का अन्तर होता है। धातु का कार्यफलन (eV में) लगभग है।

(फोटोन की ऊर्जा = $\frac{1240}{\lambda(\text{nm में})}$eV)

(1) 1.8 (2) 1.4 (3) 2.5 (4) 5.6

5. नाभिकीय विखण्डन

$Ne^{20} \rightarrow 2He^4 + C^{12}$

पर विचार कीजिये।

Ne^{20}, He^4 तथा C^{12} की प्रति न्यूक्लियोन बंधन ऊर्जा क्रमश: 8.03 MeV, 7.07 MeV तथा 7.86 MeV है। सही कथन चुनिये:-

(1) 8.3 MeV ऊर्जा उत्सर्जित होगी।

(2) 12.4 MeV ऊर्जा दी जायेगी।

(3) 11.9 MeV ऊर्जा देनी होगी।

(4) 3.6 MeV ऊर्जा उत्सर्जित होगी।

6. एक धात्विक प्लेट का क्षेत्रफल 1×10^{-4} m^2 है तथा इसे 16 mW/m^2 तीव्रता वाले विकिरण से प्रकाशित किया जाता है। धातु का कार्यफलन 5eV है। आपतित फोटॉनों की ऊर्जा 10 eV है तथा इसका केवल 10% भाग ही फोटो इलेक्ट्रॉनों को उत्पन्न करता है। प्रति सैकण्ड उत्सर्जित फॉटो इलेक्ट्रॉनों की संख्या तथा उनकी अधिकतम ऊर्जा क्रमश: होगी [1 eV = 1.6×10^{-19}J]

(1) 10^{10} तथा 5 eV (2) 10^{14} तथा 10 eV

(3) 10^{12} तथा 5 eV (4) 10^{11} तथा 5 eV

7. एक नाभिकीय गणित्र (counter) के द्वारा रेडियोधर्मी स्त्रोत से उत्सर्जित कणों की गणना दर को मापते हैं। t = 0 s समय पर गणना 1600 प्रति सेकण्ड तथा t = 8 s पर गणना 100 प्रति सेकण्ड है। प्रति सेकण्ड गणना के रूप में t = 6 s पर प्रेक्षित लगभग गणना दर होगी :

(1) 150 (2) 360

(3) 200 (4) 400

8. एक इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी की विभेदन उसमें प्रयोग किये गये इलेक्ट्रॉनों की तरंगदैर्ध्य की कोटि की की है। 7.5×10^{-12}m की चौड़ाई के विभेदन हेतु इलेक्ट्रॉन की न्यूनतम ऊर्जा का निकटतम मान होगा :

(1) 100 keV (2) 500 keV

(3) 25 keV (4) 1 keV

9. एक हाइड्रोजन समान परमाणु में, जब इलेक्ट्रॉन M - कक्षा से L - कक्षा में संक्रमण करता है, तो उत्सर्जित विकिरण की तरंगदैर्ध्य λ है। यदि इलेक्ट्रॉन N-कक्षा से L-कक्षा में संक्रमण करे तो उत्सर्जित विकिरण की तरंगदैर्ध्य होगी :-

(1) $\frac{27}{20}\lambda$ (2) $\frac{16}{25}\lambda$ (3) $\frac{20}{27}\lambda$ (4) $\frac{25}{16}\lambda$

10. प्रकाश-विद्युत प्रभाव के एक प्रयोग में धातु पर आपतित प्रकाश की तरंगदैर्ध्य 300 nm से बदलकर 400 nm करते हैं। निरोधी विभव में कमी होगी, लगभग :

$\left(\text{दिया है : } \frac{hc}{e} = 1240\,\text{nm} - \text{V}\right)$

(1) 0.5 V (2) 1.0 V

(3) 2.0 V (4) 1.5 V

11. आरंभिक मूल अवस्था में हाइड्रोजन परमाणु 980Å तरंगदैर्ध्य का फोटॉन अवशोषित कर उत्तेजित हो जाता है। इस उत्तेजित स्तर में परमाणु की त्रिज्या बोर त्रिज्या a_0 के मात्रक में होगी :-

(1) $9a_0$ (2) $25a_0$

(3) $4a_0$ (4) $16a_0$

12. यदि इलेक्ट्रॉन की डी-ब्रोग्ली तरंगदैर्ध्य 6×10^{14} Hz आवृत्ति के फोटॉन की तरंगदैर्ध्य के 10^{-3} गुना है तो इलेक्ट्रॉन की चाल होगी :

(दिया है प्रकाश की चाल = 3×10^8 m/s

प्लांक नियतांक = 6.63×10^{-34} J.s

इलेक्ट्रॉन का द्रव्यमान = 9.1×10^{-31} kg)

(1) 1.45×10^6 m/s (2) 1.7×10^6 m/s

(3) 1.8×10^6 m/s (4) 1.1×10^6 m/s

13. जब किसी प्रकाशसंवेदी सतह पर ν आवृत्ति का एकवर्णीय प्रकाश आपतित किया जाता है तो प्रकाश धारा के लिये निरोधी विभव $-V_0/2$ प्राप्त होता है। जब सतह पर $\nu/2$ आवृत्ति का एकवर्णीय प्रकाश आपतित किया जाता है तो निरोधी विभव का मान $-V_0$ होता है। प्रकाश उत्सर्जन के लिये दैहली आवृत्ति होगी :

(1) $\frac{3\nu}{2}$ (2) 2ν (3) $\frac{4}{3}\nu$ (4) $\frac{5\nu}{3}$

14. एक रेडियोसक्रिय विघटन श्रृंखला में प्ररम्भिक नाभिक $^{232}_{90}\text{Th}$ है। अंत में 6 α-का व 4 β-कण उत्सर्जित होते है। यदि अंतिम नाभिक $^{A}_{Z}\text{X}$ हो तो A व Z के मान होगें :

(1) A = 208; Z = 80 (2) A = 202; Z = 80

(3) A = 200; Z = 81 (4) A = 208; Z = 82

15. द्रव्यमान m वाला एक एल्फा कण, विराम में स्थित अज्ञात द्रव्यमान वाले नाभिक के साथ एक विमिय प्रत्यास्थ टक्कर करता है। यह अपनी प्रारम्भिक गतिज ऊर्जा के 64% भाग को व्यय कर सीधा पीछे की ओर प्रकीर्णीत होता है। नाभिक का द्रव्यमान है :-

(1) 4 m (2) 3.5 m

(3) 2 m (4) 1.5 m

16. फ्रेंक-हर्ट्ज प्रयोग मे 5.6 eV ऊर्जा वाला एक इलेक्ट्रॉन पारद् वाष्प से गुजरता हुआ 0.7 eV ऊर्जा के साथ बाहर निकलता है। पारद् परमाणुओं द्वारा उत्सर्जित फोटोनों की न्यूनतम तरंगदैर्ध्य लगभग होगी :-

(1) 2020 nm (2) 220 nm

(3) 250 nm (4) 1700 nm

node06\B0BO-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

17. m द्रव्यमान का एक कण $U(r) = \frac{1}{2}kr^2$. के केन्द्रीय विभव क्षेत्र के अन्तर्गत एक वृत्तीय कक्षा में घूम रहा है। यदि बोर के क्वांटमीकरण प्रतिबंध का उपयोग करें तो संभव कक्षाओं की त्रिज्या ओर ऊर्जा स्तरों की क्वांटम संख्या n के साथ सम्बन्ध होगा:-

(1) $r_n \propto n^2$, $E_n \propto \frac{1}{n^2}$ (2) $r_n \propto \sqrt{n}, E_n \propto \frac{1}{n}$

(3) $r_n \propto n$, $E_n \propto n$ (4) $r_n \propto \sqrt{n}$, $E_n \propto n$

18. द्रव्यमान 'm' तथा आवेश 'q' के एक कण A को 50V विभवान्तर से त्वरित करते हैं। द्रव्यमान '4 m' तथा आवेश 'q' के दूसरे कण B को 2500 V के विभवान्तर से त्वरित करते हैं। इन कणों की दे-ब्राग्ली तरंगदैर्ध्यों के अनुपात $\frac{\lambda_A}{\lambda_B}$ का सन्निकट मान है:-

(1) 10.00 (2) 14.14 (3) 4.47 (4) 0.07

19. ^{40}Ca तथा ^{16}O के नाभिकों के द्रव्यमान घनत्व के अनुपात का सन्निकट मान होगा :-

(1) 1 (2) 2

(3) 0.1 (4) 5

20. एक अवमन्दित आवर्ती दोलक की आवृत्ति प्रति सेकण्ड 5 दोलन है। इसका आयाम प्रत्येक 10 दोलन के बाद आधा हो जाता है। इसके मूल आयाम को $\frac{1}{1000}$ गुना घटाने में लगे समय का सन्निकट मान होगा :-

(1) 100 s (2) 20 s (3) 10 s (4) 50 s

21. परिमित दे-ब्रॉग्ली तरंगदैर्ध्य λ_A के एक नाभिक A का स्वत: विखण्डन बराबर द्रव्यमान के दो नाभिकों B तथा C में होता है। B नाभिक A की दिशा में तथा C नाभिक उसके विपरीत दिशा में B के आधे वेग से जाता है। तो B व C की दे-ब्रॉग्ली तरंगदैर्ध्य, λ_B तथा λ_C क्रमश: होंगी:-

(1) $2\lambda_A, \lambda_A$ (2) $\lambda_A, 2\lambda_A$

(3) $\lambda_A, \frac{\lambda_A}{2}$ (4) $\frac{\lambda_A}{2}, \lambda_A$

22. हाइड्रोजन परमाणु के n = 2 से n = 1 संक्रमण से निकला विकिरण He^+ की n = 1 और n = 2 अवस्थाओं पर पड़ता है। हीलियम आयनों द्वारा इस विकिरण की ऊर्जा शोषण से संभव संक्रमण है –

(1) $n = 1 \rightarrow n = 4$ (2) $n = 2 \rightarrow n = 4$

(3) $n = 2 \rightarrow n = 5$ (4) $n = 2 \rightarrow n = 3$

23. दो कण एक दूसरे से लम्बवत् दिशाओं में गतिशील है। इन कणों की डी-ब्राग्ली तरंग लम्बाइयाँ क्रमश: λ_1 तथा λ_2 है। इन कणों का पूर्णतया अप्रत्यास्थ संघट्ट होता है। परिणामी कण की डी-ब्राग्ली तरंगदैर्ध्य λ इस समीकरण से दी जाती है।

(1) $\lambda = \frac{\lambda_1 + \lambda_2}{2}$ (2) $\frac{2}{\lambda} = \frac{1}{\lambda_1} + \frac{1}{\lambda_2}$

(3) $\lambda = \sqrt{\lambda_1 \lambda_2}$ (4) $\frac{1}{\lambda^2} = \frac{1}{\lambda_1^2} + \frac{1}{\lambda_2^2}$

24. दो कण 'x' तथा 'y' जिनकी डी-ब्रोग्ली तरंगदैर्ध्य क्रमश: 'λ_x' तथा 'λ_y' हैं, के सम्पूर्ण अप्रत्यास्थ संघट्ट से एक कण 'P' बना है। यदि कण x तथा y विपरीत दिशाओं में गतिशील थे, तो 'P' की डी-ब्रोग्ली तरंगदैर्ध्य है :-

(1) $\lambda_x + \lambda_y$ (2) $\frac{\lambda_x \lambda_y}{\lambda_x + \lambda_y}$

(3) $\frac{\lambda_x \lambda_y}{|\lambda_x - \lambda_y|}$ (4) $\lambda_x - \lambda_y$

25. एक सोलर पैनल की सतह पर 50 W/m^2 ऊर्जा घनत्व का सूर्य का प्रकाश अभिलम्बवत् आपतित होता है। आपतित ऊर्जा का कुछ भाग (25%) सतह से परावर्तित हो जाता है तथा बचा हुआ भाग अवशोषित हो जाता है। सतह के $1m^2$ क्षेत्रफल पर लगने वाला बल होगा :- ($c = 3 \times 10^8$ m/s)

(1) 15×10^{-8} N (2) 35×10^{-8} N

(3) 10×10^{-8} N (4) 20×10^{-8} N

26. एक He^+ आयन अपनी प्रथम उत्तेजित अवस्था में है। इसकी आयनन ऊर्जा होगी :-

(1) 6.04 eV (2) 13.60 eV

(3) 54.40 eV (4) 48.36 eV

27. प्रकाश की एक तरंग का विद्युत क्षेत्र निम्न है,

$$\vec{E} = 10^{-3}\cos\left(\frac{2\pi x}{5\times10^{-7}} - 2\pi\times6\times10^{14}t\right)\hat{x}\,\frac{N}{C}$$

यह प्रकाश एक धातु की प्लेट पर आपतित है जिसका कार्य फलन 2eV है। प्रकाशिक इलेक्ट्रॉनों के निरोधी विभव का मान होगा :

दिया है E (eV में) = $\frac{12375}{\lambda(\text{Å में})}$

(1) 0.48 V (2) 2.0 V

(3) 2.48 V (4) 0.72 V

28. यदि हाइड्रोजन स्पेक्ट्रम की प्रथम बामर लाईन (n = 3 से n = 2) की तरंगदैर्ध्य 660 nm, हो तो दूसरी बामर लाईन (n = 4 से n = 2) की तरंगदैर्ध्य होगी :

(1) 889.2 nm (2) 642.7 nm

(3) 488.9 nm (4) 388.9 nm

29. एक सम्पूर्ण अवशोषक पृष्ठ पर 25 Wcm^{-2} ऊर्जा प्रवाह (flux) का प्रकाश लम्बवत् आपतित होता है। यदि पृष्ठ का क्षेत्रफल 25 cm^2 है तो 40 min समयान्तराल में उस पर हुआ संवेग अंतरण (transfer) होगा :

(1) 5.0×10^{-3} Ns (2) 3.5×10^{-6} Ns

(3) 1.4×10^{-6} Ns (4) 6.3×10^{-4} Ns

30. एक 2 mW लेजर की तरंगदैर्ध्य 500 nm है। इससे निकलने वाले प्रति सेकण्ड फोटॉनों की संख्या होगी : [दिया है, प्लांक नियतांक $h = 6.6 \times 10^{-34}$ Js, प्रकाश की चाल $c = 3.0 \times 10^8$ m/s]

(1) 2×10^{16} (2) 1.5×10^{16}

(3) 5×10^{15} (4) 1×10^{16}

31. Li^{++} आयन में इलैक्ट्रॉन को उसकी प्रथम बोहर कक्षा से λ तरंदगैर्ध्य के विकिरण से एक ऊँची कक्षा में उत्तेजित कर दिया जाता है। जब यह आयन अपनी न्यूनतम ऊर्जा अवस्था में सभी सम्भव तरीकों (मध्यवर्ती उत्सर्जनों को मिलाकर) से आता है तो कुल 6 स्पेक्ट्रल लाइनें पायी जाती है। λ का मान क्या होगा?

(दिया है : $h = 6.63 \times 10^{-34}$ Js ;
$c = 3 \times 10^8$ ms^{-1})

(1) 9.4 nm (2) 12.3 nm

(3) 10.8 nm (4) 11.4 nm

32. दो रेडियोधर्मी पदार्थों A तथा B के क्षय नियतांक, क्रमशः 5λ तथा λ है। $t = 0$ पर एक नमूने में इन दो नाभिकों की बराबर संख्या है। नाभिकों की संख्या का अनुपात $\left(\frac{1}{e}\right)^2$ होने में लगे समय का मान होगा :

(1) $1 / 4\lambda$ (2) $1 / \lambda$

(3) $1 / 2\lambda$ (4) $2 / \lambda$

33. एक प्रोटॉन, एक इलैक्ट्रॉन और एक हीलियम नाभिक, की ऊर्जाएँ बराबर हैं। वे एक समतल में उसके लम्बवत् चुम्बकीय क्षेत्र के कारण वृत्ताकार कक्षा में गतिशील है। यदि r_p, r_e और r_{He} प्रोटॉन, इलैक्ट्रॉन तथा हीलियम नाभिक के वृत्ताकार पथ की त्रिज्याएँ है, तो:

(1) $r_e > r_p > r_{He}$ (2) $r_e < r_p < r_{He}$

(3) $r_e < r_p = r_{He}$ (4) $r_e > r_p = r_{He}$

34. एक प्रकाश विद्युत प्रवाह प्रयोग में प्रकाश की देहली तरंगदैर्ध्य 380 nm है। यदि आपतित किरण की तरंगदैर्ध्य 260nm हो तो उत्सर्जित इलैक्ट्रॉनों की अधिकतम गतिज ऊर्जा होगी: दिया है: E (in eV) = $\frac{1237}{\lambda(\text{in nm})}$

(1) 1.5 eV (2) 4.5 eV

(3) 15.1 eV (4) 3.0 eV

35. दो रेडियाधर्मी पदार्थों A तथा B के क्षय नियतांक, क्रमशः 10λ तथा λ है। यदि आरम्भ में उनके नाभिकों की संख्या बराबर हो तो कितने समय बाद A तथा B के नाभिकों की संख्या का अनुपात 1/e होगा :

(1) $\frac{11}{10\lambda}$ (2) $\frac{1}{9\lambda}$ (3) $\frac{1}{10\lambda}$ (4) $\frac{1}{11\lambda}$

node06\B0BO-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

36. एक हाइड्रोजन परमाणु में इलेक्ट्रॉन पहले तीसरी उत्तेजित अवस्था से दूसरी उत्तेजित अवस्था में और तत्पश्चात् दूसरी से प्रथम उत्तेजित अवस्था में जाता है। इन दो संक्रमणों में उत्सर्जित फोटॉनों के संगत तरंगदैर्ध्यों का अनुपात λ_1/λ_2 होगा :

(1) 9/7 (2) 7/5

(3) 27/5 (4) 20/7

37. एक हाइड्रोजन परमाणु में इलेक्ट्रॉन दूसरी उत्तेजित कक्षा में घूम रहा है। (इस कक्षा की त्रिज्या 4.65Å है।) इस इलेक्ट्रॉन की डि-ब्रॉग्ली तरंगदैर्ध्य होगी :

(1) 12.9 Å (2) 3.5 Å

(3) 9.7 Å (4) 6.6 Å

38. दो रेडियोधर्मी नाभिकों, A तथा B, की अर्धआयु क्रमशः 10 minutes तथा 20 minutes है। यदि एक नमूने में आरम्भ में दोनों नाभिकों की संख्या बराबर है तो 60 minutes पश्चात् A तथा B के क्षयित नाभिकों की संख्या का अनुपात होगा :

(1) 9 : 8 (2) 1 : 8

(3) 8 : 1 (4) 3 : 8

39. यहाँ आरेख में, एक सोडियम-उत्सर्जक के लिये, आवृत्ति (ν) के फलन के रूप में, निराधी विभव V_0 (वोल्ट में) के परिवर्तन को दर्शाया गया हैं। इस ग्राफ से सोडियम का कार्य - फलन प्राप्त होगा :

(प्लाँक स्थिरांक (h) = 6.63×10^{-34} Js, इलेक्ट्रॉन आवेश e = 1.6×10^{-19} C)



(1) 1.95 eV (2) 1.82 eV

(3) 1.66 eV (4) 2.12 eV

40. एक उत्तेजित He^+ आयन, अपनी न्यूनतम ऊर्जा अवस्था में संक्रमण होने तक दो क्रमागत फोटॉन, जिनके तरंगदैर्ध्य 108.5 nm तथा 30.4 nm है। उत्सर्जित करता है। प्रारंभिक उत्तेजित अवस्था के संगत क्वॉन्टम संख्या n है। (λ तंरगदैर्ध्य के लिये फोटॉन की ऊर्जा $E = \frac{1240\text{eV}}{\lambda(\text{in nm})}$) :

(1) n = 5 (2) n = 4

(3) n = 6 (4) n = 7

NLM & FRICTION

1. छत से 10 kg के एक द्रव्यमान को एक रस्सी से ऊर्ध्वाधर लटकाया गया 9रस्सी के किसी बिन्दु पर एक क्षैतिज बल लगाने से रस्सी छत वाले बिन्दु पर 45° कोण से विचलित हो जाती है। यदि लटका हुआ द्रव्यमान साम्यावस्था में है तो लगाये गये बल का मान होगा : (दिया है : g = 10 ms $^{-2}$)

(1) 200 N (2) 100 N (3) 140 N (4) 70 N

2. द्रव्यमान 10 kg वाला एक ब्लॉक एक खुरदरे आनत तल पर चित्रानुसार रखा है। ब्लॉक पर 3 N का एक बल लगाया जाता है। तल तथा ब्लॉक के मध्य स्थैतिक घर्षण गुणांक 0.6 है। बल P का न्यूनतम मान क्या होना चाहिये ताकि ब्लॉक नीचे की ओर गति नहीं करे? ($g = 10\ ms^{-2}$ लें।)



(1) 32 N (2) 25 N (3) 23 N (4) 18 N

3. m द्रव्यमान का एक कण संवेग p से एक सीधी रेखा में जा रहा है। समय t = 0 से आरम्भ करके उसी दिशा में एक बल F = kt इस गतिमान कण पर समयान्तराल T तक लगता है तो, इसका संवेग p से बदलकर 3p हो जाता है। यहाँ k एक स्थिरांक है। T का मान है :-

(1) $2\sqrt{\frac{p}{k}}$ (2) $\sqrt{\frac{2p}{k}}$ (3) $\sqrt{\frac{2k}{p}}$ (4) $2\sqrt{\frac{k}{p}}$

node06\B0B0-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

4. चित्रानुसार खुरदरे नततल पर रखा एक ब्लॉक नततल पर नीचे की ओर अधिकतम 2 N बल तक विरामावस्था में बना रहता है। नततल पर ऊपर की ओर आरोपित अधिकतम बल 10 N होने पर ब्लॉक गति नहीं करता है। ब्लॉक तथा नततल के मध्य स्थैतिक घर्षण गुणांक होगा : [$g = 10\ m/s^2$ लें]



(1) $\frac{2}{3}$ (2) $\frac{\sqrt{3}}{2}$ (3) $\frac{\sqrt{3}}{4}$ (4) $\frac{1}{2}$

5. 20 cm मोटाई की मिट्टी की दीवार भेदने से ठीक पहले 20g द्रव्यमान की एक गोली की चाल 1 ms^{-1} है। यदि दीवार 2.5×10^{-2} N का औसत अवरोध लगाती है तो दीवार के दूसरे तरफ से निर्गत गोली की चाल का सन्निकट मान होगा:

(1) 0.4 ms^{-1} (2) 0.1 ms^{-1}
(3) 0.3 ms^{-1} (4) 0.7 ms^{-1}

6. द्रव्यमान $m_A = 1$ kg तथा $m_B = 3$ kg के दो गुटकों, A तथा B, को चित्रानुसार एक मेज पर रखा गया है। A तथा B के बीच घर्षण गुणांक 0.2 एवं B तथा मेज के बीच भी घर्षण गुणांक 0.2 है। गुटके B पर लगाये गये क्षैतिज बल F का अधिकतम मान, जिससे गुटका A गुटका B के ऊपर नहीं फिसले, होगा :

(दिया है, $g = 10\ m/s^2$)



(1) 16 N (2) 40 N (3) 12 N (4) 8 N

7. एक गेंद को पृथ्वी की सतह से आरम्भिक वेग V_0 से ऊपर की ओर फेंका जाता है। गेंद की गति एक अवरोधक बल $m\gamma\upsilon^2$ से प्रभावित होती है। यहाँ m गेंद का द्रव्यमान, υ उसका तात्कालिक वेग तथा γ एक स्थिरांक है। गेंद द्वारा अपने शीर्षबिंदु तक पहुँचने में लगा समय होगा :

(1) $\frac{1}{\sqrt{\gamma g}}\sin^{-1}\left(\sqrt{\frac{\gamma}{g}}V_0\right)$

(2) $\frac{1}{\sqrt{\gamma g}}\tan^{-1}\left(\sqrt{\frac{\gamma}{g}}V_0\right)$

(3) $\frac{1}{\sqrt{2\gamma g}}\tan^{-1}\left(\sqrt{\frac{2\gamma}{g}}V_0\right)$

(4) $\frac{1}{\sqrt{\gamma g}}\ln\left(1+\sqrt{\frac{\gamma}{g}}V_0\right)$

8. एक स्प्रिंग की स्वतंत्र लम्बाई l तथा बल नियतांक k है। इसे काटकर l_1 तथा l_2 स्वतंत्र लम्बाई की दो स्प्रिंगों में बाँटते है। $l_1 = nl_2$ है, जहाँ n एक पूर्णांक है। इनमें सम्बद्ध बल नियतांकों k_1 तथा k_2 का अनुपात, k_1/k_2 होगा :

(1) $\frac{1}{n^2}$ (2) n^2 (3) $\frac{1}{n}$ (4) n

9. 5 kg के एक गुटके को क्षैतिज से 30° कोण पर बल F = 20 N से चित्रानुसार (i) दशा (A) में धकेलते हैं तथा (ii) दशा (B) में खींचते हैं। गुटके तथा समतल के बीच घर्षण गुणांक $\mu = 0.2$ है। इन दो दशाओं (A) तथा (B), में गुटके के त्वरणों के अन्तर का मान होगा :

($g = 10\ ms^{-2}$)



(1) 0 ms^{-2} (2) 0.8 ms^{-2}
(3) 0.4 ms^{-2} (4) 3.2 ms^{-2}

node06\B0BO-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

POC

1. 800 nm तरंगदैर्ध्य पर कार्य करते हुए एक संचार व्यवस्था में सिग्नल की कुल स्त्रोत आवृति का मात्र एक प्रतिशत बैंड चौड़ाई के लिए उपयोग कर सकते है। 6 MHz बैंड चौड़ाई के TV सिग्नलों वाले कितने चैनलों को इससे संचारित किया जा सकता है?

(दिया है : $c = 3 \times 10^8$m/s,$h = 6.6 \times 10^{-34}$ J-s)

(1) 3.75×10^6 (2) 4.87×10^5

(3) 3.86×10^6 (4) 6.25×10^5

2. एक AM रेडियोस्टेशन की मॉडुलन आवृत्ति 250 kHz, है जो वाहक तरंग का 10% है। यदि एक दूसरे AM स्टेशन के लिये आपके पास आवेदन आता है तो आप कितनी प्रसारण आवृत्ति आवंटित करेंगें ?

(1) 2750 kHz (2) 2000 kHz

(3) 2250 kHz (4) 2900 kHz

3. एक TV संचरण मीनार की ऊँचाई 140 m तथा अभिग्राही ऐन्टिना की ऊँचाई 40 m है। इस मीनार से दृष्टि रेखा विधा (LOS) में अधिकतम दूरी तक सिग्नल प्रसारित कर सकते हैं? (दिया है, पृथ्वी की त्रिज्या = 6.4×10^6m).

(1) 80 km (2) 48 km (3) 40 km (4) 65 km

4. एक आयाम-माडुलित सग्निल को चित्र में दिखाया गया है :



निम्न में से कौन उपरोक्त सिग्नल को सबसे अच्छा दर्शाता है ?

(1) $(9 + \sin(2.5\pi \times 10^5\ t))\sin(2\pi \times 10^4 t)$V

(2) $(9 + \sin(4\pi \times 10^4\ t))\sin(5\pi \times 10^5 t)$V

(3) $(1 + 9\sin(2\pi \times 10^4\ t))\sin(2.5\pi \times 10^5 t)$V

(4) $(9 + \sin(2\pi \times 10^4\ t))\sin(2.5\pi \times 10^5 t)$V

5. एक अयाम मॉडुलित सिग्नल निम्नवत् दिया गया है $V(t) = 10[1 + 0.3\cos(2.2 \times 10^4 t)]\sin(5.5 \times 10^5 t)$. यहाँ t सेकण्ड में है। पार्श्व बैण्ड की आवृत्तियाँ (kHz में) होंगी : [दिया है $\pi = 22/7$]

(1) 1785 तथा 1715

(2) 892.5 तथा 857.5

(3) 89.25 तथा 85.75

(4) 178.5 तथा 171.5

6. किसी TV संप्रेषण टॉवर की आच्छादन परास को दुगुना करने के लिये इसकी ऊँचाई कितनी गुना बढ़ानी होगी ?

(1) $\frac{1}{\sqrt{2}}$ (2) 4 (3) $\sqrt{2}$ (4) 2

7. एक माडुलन सिग्नल के द्वारा 100 V की वाहक तरंग को 160 V तथा 40 V के बीच परिवर्तित करते हैं। माडुलन सूचकांक क्या होगा ?

(1) 0.6 (2) 0.5

(3) 0.3 (4) 0.4

8. एक दृष्टिरेखीय रेडियो संचरण में प्रेषक तथा अभिग्राही एन्टीना के बीच 50 km की दूरी है। यदि अभिग्राही एन्टीना की ऊँचाई 70m है तो प्रेषक एन्टीना की न्यूनतम ऊँचाई होनी चाहिये :

(दिया है : पृथ्वी की त्रिज्या = 6.4×10^6 m).

(1) 40 m (2) 51 m (3) 32 m (4) 20 m

9. एक संचार व्यवस्था के लिये प्रेषक तथा अभिग्राही ऐंटीना के भौतिक आकार होंगे :-

(1) वाहल आवृति के समानुपाती

(2) माडुलन आवृति के व्युत्क्रमानुपाती

(3) वाहक आवृति के व्युत्क्रमानुपाती

(4) वाहक तथा माडुलन आवृति दोनों पर निर्भर नहीं करता

node06\B0B0-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

10. एक सिग्नल Acosωt का संचार वाहक तरंग $\nu_0 \sin \omega_0 t$ से किया जाता है। सही आयाम मॉडुलित सिग्नल होगा :

(1) $\nu_0 \sin\omega_0 t + A\cos\omega t$

(2) $\nu_0 \sin\omega_0 t + \frac{A}{2}\sin(\omega_0 - \omega)t + \frac{A}{2}\sin(\omega_0 + \omega)t$

(3) $(\nu_0 + A)\cos\omega t \sin\omega_0 t$

(4) $\nu_0 \sin[\omega_0(1 + 0.01A\sin\omega t)t]$

11. 100 MHz आवृत्ति तथा शिखर वोल्टता 100 V के एक सूचना सिग्नल का उपयोग 300 GHz. आवृत्ति तथा शिखर वोल्टता 400 V की एक वाहक तरंग का आयाम मॉडुलन करने के लिये करते है। मॉडुलन सूचकांक तथा दोनों पार्श्व बैण्ड की आवृत्तियों का अन्तर होगा :

(1) 4; 1×10^8 Hz (2) 0.25; 1×10^8 Hz

(3) 4; 2×10^8 Hz (4) 0.25; 2×10^8 Hz

12. नीचे बाएँ स्तंभ में विभिन्न संचार विधायें एवं दायें स्तंभ में तरंगों के प्रकार दिये गये है।

A.	आप्टिकल फाइबर संचार	**P.**	पराध्वनि
B.	रेडार	**Q.**	अवरक्त प्रकाश
C.	सोनार	**R.**	सूक्ष्म तरंगे
D.	मोबाइल फोन	**S.**	रेडियो तरंगे

दिये गये विकल्पों में, दायें तथा बायें स्तम्भ की प्रविष्टयों का सर्वोचित मिलान क्या होगा ?

(1) A-S, B-Q, C-R, D-P

(2) A-R, B-P, C-S, D-Q

(3) A-Q, B-S, C-R, D-P

(4) A-Q, B-S, C-P, D-R

13. एक आयामी मॉडुलन परिपथ में निवेशी वाहक तरंग, $C(t) = 4 \sin (20000\ \pi t)$ है, जबकि मॉडुलन सिग्नल, $m(t) = 2 \sin (2000\ \pi t)$ है। मॉडुलन सूचकांक तथा निचली पार्श्व बैंड आवृति के मान होंगे :

(1) 0.5 तथा 9 kHz (2) 0.5 तथा 10 kHz

(3) 0.3 तथा 9 kHz (4) 0.4 तथा 10 kHz

14. एक आधुनिक प्रकाशीय फाइबर संचरण जाल में वाहक तरंग की निकटतम तरंगदैर्ध्य है –

(1) 600 nm (2) 900 nm

(3) 2400 nm (4) 1500 nm

ROTATIONAL MECHANICS

1. 50cm की एक छड़ के एक सिरे को कीलकीत किया है। इसको क्षैतिज से 30° कोण पर, चित्रानुसार, उठाकर स्थिरावस्था से छोड़ दिया जाता है। जब यह छड़ क्षैतिज अवस्था से गुजरती है तो इसका कोणीय चाल का rad s^{-1} में मान होगा :(दिया है :g = $10ms^{-2}$)



(1) $\sqrt{30}$ (2) $\sqrt{\frac{30}{2}}$ (3) $\frac{\sqrt{30}}{2}$ (4) $\frac{\sqrt{20}}{3}$

2. एकसमान द्रव्यमान घनत्व वाली पतली छड़ों से बनी L-आकार की वस्तु को रस्सी की सहायता से चित्रानुसार लटकाया गया है। यदि AB = BC हो तथा AB द्वारा नीचे की ओर ऊर्ध्वाधर के साथ बनाया गया कोण θ है तो:



(1) $\tan\theta = \frac{2}{\sqrt{3}}$ (2) $\tan\theta = \frac{1}{3}$

(3) $\tan\theta = \frac{1}{2}$ (4) $\tan\theta = \frac{1}{2\sqrt{3}}$

node06\B0BO-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

3. लम्बाई $3l$ वाली एक दृढ़ द्रव्यमानहीन छड़ के सिरो पर दो द्रव्यमानों को चित्रानुसार जोड़ा गया है। छड़ को क्षैतिज अक्ष पर बिन्दु P पर कीलकीत किया गया है। जब इसे प्रारंभिक क्षैतिज स्थिति से छोड़ा जाता है तो इसका तात्क्षणिक कोणीय त्वरण होगा:-



(1) $\frac{g}{2l}$ (2) $\frac{7g}{3l}$ (3) $\frac{g}{13l}$ (4) $\frac{g}{3l}$

4. चित्रानुसार प्रत्येक द्रव्यमान M तथा त्रिज्या R वाली दो एकजैसी गोलीय गेंदों को लम्बाई 2R तथा द्रव्यमान M वाली छड़ के दोनों सिरों पर चिपकाया गया है। निकाय का छड़ के केन्द्र से लम्बवत् रूप से गुजरने वाली अक्ष के सापेक्ष जड़त्व आघूर्ण होगा :-



(1) $\frac{152}{15}MR^2$ (2) $\frac{17}{15}MR^2$

(3) $\frac{137}{15}MR^2$ (4) $\frac{209}{15}MR^2$

5. एक समतल को पोंछे से साफ करने की एक मशीन द्वारा R त्रिज्या के पोंछे को कुल ऊर्ध्वाधर बल F से दबाकर उसे उसकी अक्ष के परित: एक नियत कोणीय गति से घुमाया जाता है। यदि बल F पोंछे पर एकसमान वितरित है तथा पोंछे और समतल के बीच घर्षणांक μ है तो मशीन द्वारा पोंछे पर लगाया बल आघूर्ण होगा :

(1) $\frac{2}{3}\mu FR$ (2) $\mu FR/3$

(3) $\mu FR/2$ (4) $\mu FR/6$

6. द्रव्यमान M तथा त्रिज्या R के एक ठोस समांग बेलानाकार रोलर को एक क्रिकेट पिच पर क्षैतिज बल F, से खींचा जा रहा है। यह मानते हुये कि बेलन बिना फिसले लुढ़कता है, इसके कोणीय त्वरण का मान होगा :

(1) $\frac{3F}{2m\,R}$ (2) $\frac{F}{3m\,R}$

(3) $\frac{2F}{3m\,R}$ (4) $\frac{F}{2m\,R}$

7. 5 kg द्रव्यमान तथा 0.5 m त्रिज्या के एक खोखले बेलन पर एक डोरी को लपेटा गया है। यदि डोरी को अब 40 N के क्षैतिज बल से खींचा जाये और, बेलन बिना फिसले क्षैतिज समतल पर लुढ़कता है (चित्र देखिये) तो बेलन का कोणीय त्वरण होगा (डोरी का द्रव्यमान तथा मोटाई नगण्य है)



(1) 12 rad/s^2

(2) 16 rad/s^2

(3) 10 rad/s^2

(4) 20 rad/s^2

8. 1kg द्रव्यमान पर मूल बिन्दु के सापेक्ष बल आघूर्ण का परिमाण 2.5 Nm है। यदि इस पर लगने वाला बल 1 N है, तथा कण की मूल बिन्दु से दूरी 5m है तो बल तथा स्थिति सदिश के बीच कोण (रेडियन में) है :-

(1) $\frac{\pi}{8}$ (2) $\frac{\pi}{6}$

(3) $\frac{\pi}{4}$ (4) $\frac{\pi}{3}$

node06\B0B0-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

9. द्रव्यमान M तथा त्रिज्या R की एक डिस्क D_1 से समान द्रव्यमान M तथा त्रिज्या R की दो डिस्क D_2 और D_3 को आमने-सामने दृढ़तापूर्वक जोड़ा गया है (चित्र देखिये)। इस संयोजन का, दिखाये गये चित्रानुसार D_1 के केन्द्र से गुजरने वाली अक्ष OO' के सापेक्ष, जड़त्व आघूर्ण होगा :-



(1) $3MR^2$ (2) $\frac{2}{3}MR^2$

(3) MR^2 (4) $\frac{4}{5}MR^2$

10. एक पतले ठोस लकड़ी के फलक से एक समबाहु त्रिभुज ABC काटा गया है। (चित्र देखें)। दर्शाये गये अनुसार D, E तथा F इसकी भुजाओं के मध्य बिन्दु है तथा G त्रिभुज का केन्द्र है। G से गुजरने वाली तथा त्रिभुज के समतल के लम्बवत् अक्ष के सापेक्ष त्रिभुज का जड़त्व आघूर्ण I_0 वहै। यदि छोटा त्रिभुज DEF त्रिभुज ABC में से निकाल लिया जाये तो शेष बचे हुए भाग का उसी अक्ष के सापेक्ष जड़त्व आघूर्ण I है। तब:



(1) $I=\frac{9}{16}I_0$ (2) $I=\frac{3}{4}I_0$

(3) $I=\frac{I_0}{4}$ (4) $I=\frac{15}{16}I_0$

11. दिखाये गये चित्रानुसार एक तख्त पर समान परिमाण F के दो बल $\vec{F}_1$ तथा $\vec{F}_2$ लगाये गये हैं। बल $\vec{F}_2$ XY-समतल में है जबकि बल F_1 z-दिशा के अनुदिश बिन्दु $\left(2\vec{i}+3\vec{j}\right)$ पर लगा है। बिन्दु O के सापेक्ष इन बलों का आघूर्ण होगा :



(1) $\left(3\hat{i}-2\hat{j}-3\hat{k}\right)F$

(2) $\left(3\hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k}\right)F$

(3) $\left(3\hat{i}+2\hat{j}-3\hat{k}\right)F$

(4) $\left(3\hat{i}-2\hat{j}+3\hat{k}\right)F$

12. द्रव्यमान 20 g वाले एक कण को चित्रानुसार किसी वक्र के अनुदिश बिन्दु A से प्रारम्भिक वेग 5 m/s से विरामावस्था से छोड़ा जाता है। बिन्दु A, बिन्दु B से ऊँचाई h पर है। कण घर्षणरहित सतह पर फिसलता है। जब कण बिन्दु B पर पहुँचता है तो O के सापेक्ष इसका संवेग होगा : (दिया है : g= 10 m/s^2)



(1) 8kg-m^2/s (2) 6kg-m^2/s

(3) 3kg-m^2/s (4) 2kg-m^2/s

node06\B0BO-BA\Kota\JEE Main\Topicwise Jee(Main)_Jan and April -2019\Hindi\01-Phy

13. एक ठोस गोले का जड़त्व आघूर्ण इसके व्यास के समान्तर तथा इससे x दूरी पर स्थित एक अक्ष के सापेक्ष I(x) है। निम्न में से कौनसा आरेख I(x) में x के सापेक्ष परिवर्तन को सही तरीके से दर्शाता है।

(1) 

(2) 

